दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 11 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 211 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 1 जून तक दी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आप सुप्रीमो को 2 जून को आत्मसमर्पण करना होगा। पीठ ने कहा कि अंतरिम जमानत क्यों दी गई, इसके बारे में विस्तार से एक आदेश शाम को अपलोड किया जाएगा। इससे पहले गुरुवार को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि एक राजनेता एक सामान्य नागरिक से अधिक विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता और अपराध करने पर उसे किसी अन्य नागरिक की तरह ही गिरफ्तार और हिरासत में लिया जा सकता है। ईडी के उप निदेशक के हलफनामे में कहा गया है कि ऐसा कोई सिद्धांत नहीं है जो एक किसान या एक व्यवसायी को अपना काम करने के लिए जमानत दी जाय। चुनाव प्रचार करने के लिए एक नेता को अलग छूट देना उचित नहीं है। हलफनामे में कहा गया है कि इससे पहले किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है। केजरीवाल चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। अगर कोई चुनाव लड़ भी रहा है तो उसे भी प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी जाती है। ईडी ने तर्क दिया कि पिछले पांच साल में लगभग 123 चुनाव हुए हैं और यदि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जानी है, तो किसी भी राजनेता को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है या न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा जा सकता। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह आम चुनाव के मद्देनजर आप नेता को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकती है। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## सड़कों पर पानी का छिड़काव, दिल्ली से बेहतर गाजियाबाद की इंडेक्स वैल्यू 132 पर

# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निगम ने छेड़ी मुहिम

● स्मोक गन मशीन तथा वॉटर स्प्रिंकलर का बढ़ाया क्रम






**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए हुए, वृहद स्तर पर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं। वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य उपकरणों के माध्यम से तेजी से चल रहा है, वॉटर स्प्रिंकलर मशीन तथा अंतिम स्मोक गन मशीन के माध्यम से पूरे शहर में पानी का छिड़काव कराया जा रहा है जिस कारण से वायु की गुणवत्ता में सुधार हो। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद का एयर क्वालिटी दिल्ली की एयर क्वालिटी से वर्तमान में बेहतर है।

शेष, पृष्ठ 6

## जाते-जाते सुरक्षाकर्मियों को अल्टीमेटम दे गए मुख्य निर्वाचन अधिकारी

# कभी भी आ जाऊंगा स्ट्रांग रूम की करने जांच

● कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग रूम का भी किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था मिली ओके

गाजियाबाद, करंट क्राइम : 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मतदान हो चुका है। मतदान होने के बाद अलग-अलग विधानसभाओं की बड़ी संख्या में ईवीएम मशीन अनाज मंडी गोविंदपुरम में रखी हुई हैं। उनकी सुरक्षा के लिए यहां त्रिस्तरीय घेरा है। साथ ही पुलिस सुरक्षा बल व बीएसएफ के जवानों की भी तैनाती है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी और इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह भी लगातार यहां का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग रूम का निरीक्षण किया। जहां कंट्रोल रूम व मॉनेटरी रूम में मूलभूत सुविधाओं को उन्होंने पूर्ण करने का निर्देश दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों से भी उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने यहां की रिपोर्ट ओके बताई है। साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभाओं के हिसाब से कैमरों को सेट करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई विजय सिंह, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।







### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने टीवी स्क्रीन पर देखी कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग

करंट क्राइम : अनाज मंडी गोविंदपुरम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने यहां सुरक्षा में लगे जवानों से बातचीत की। तो वहीं ईवीएम स्ट्रांग रूम और पोस्टल बैलट कमरों की सुरक्षा के लिए जो कैमरे लगाए गए हैं उनको कंट्रोल रूम स्क्रीन पर देखा टीवी पर जूमिंग कर देखा। कैमरों को पास से देखा साथ ही यहां निर्देश दिए हैं कि जितने विधानसभा वार मशीन रखी गई हैं। उनके अलग-अलग कमरे स्क्रीन पर सेट कर जाए। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी यहां मौजूद रहे। वहीं जहां सभी कैमरे लगे हुए हैं। वहां लाइव प्रसारण भी चल रहा है, इन स्क्रीन की मॉनिटरिंग में प्रतिदिन बसपा, कांग्रेस के पार्टी एजेंट भी यहां मौजूद रहते हैं।



### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिया निर्देश, स्ट्रांग रूम में लगे एसी और बिजली का हो पूरा प्रबंध

करंट क्राइम : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा जब यहां निरीक्षण कर रहे थे, तो वह एजेंट से मिले और यहां तैनात पुलिसकर्मियों से भी मिले। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया है कि कंट्रोल रूम में एयर कंडीशन लगाया जां ए विद्युत व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। गर्मी का समय है ऐसे में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी और स्टाफ को असुविधा न हो। जो भी मंडी में एजेंट प्रवेश ले रहे हैं, उनके पास प्रॉपर पास हो। जिलाधिकारी को उन्होंने पास बनवाने का निर्देश दिया है।

### अधिकारियों को दिए आदेश, दोबारा आऊंगा निरीक्षण करने

करंट क्राइम : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा शुक्रवार को गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में स्ट्रांग रूम, मॉनिटरिंग रूम और कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान जो कमियां मिलीं उनको उन्होंने सुधारने का निर्देश दिया है।

साथ ही यहां की सुरक्षा को लेकर उन्होंने ओके रिपोर्ट भी दी है। साथ ही साथ जब वो यहां से जा रहे थे तो अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मैं दोबारा निरीक्षण करने आऊंगा और जिन सुविधाओं को निर्देशित किया गया है, वह अवश्य पूर्ण करने वरना कार्रवाई की जाएगी।

# हे राम ! स्मैकियों की लत ने ली थी बेगुनाह इंजीनियर की जान

## पुलिस के फुल एनकाउंटर में ढेर हुआ हत्यारोपी अक्की उर्फ दक्ष

**पुलिस ने हत्या में शामिल दो अन्य आरोपी युग घई उर्फ प्रिंस और लवकुश उर्फ राघव को भी किया गिरफ्तार, फरार आमिर की जारी है तलाश**



गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद तीन मई की देर रात टाटा स्टील के नार्थ इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की लूटपाट के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने फुल एनकाउंटर करते हुए शुक्रवार की सुबह दिल्ली के सीलमपुर में रहने वाले बदमाश अक्की उर्फ दक्ष को मुठभेड़ में मार गिराया है। साथ ही पुलिस ने इसके दो साथी युग घई उर्फ प्रिंस व लवकुश उर्फ राघव सिंह को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों और मृतक के पास से लैपटॉप, पिट्ठू बैग, एक चाकू जो हत्या में इस्तेमाल किया गया था। दो तमंचे 315 बोर जिंदा कारतूस, खोखे और मोटरसाइकिल जो घटना में प्रयुक्त की गई थी उसे बरामद किया है। साथ ही पुलिस इस पूरे मामले में फरार आमिर की भी तलाश कर रही है। शुक्रवार सुबह साहिबाबाद थानाक्षेत्र में शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इसके मुख्य आरोपी दक्ष को यमलोक पहुंचा दिया। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पत्रकारों को जानकारी दी की इस पूरी मुठभेड़ में शालीमार गार्डन थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ लीड कर रहे थे। वहीं डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। फिलहाल पुलिस ने इंजीनियर विनय त्यागी हत्याकांड का खुलासा सिर्फ सात दिनों के भीतर कर दिया है।








मृतक विनय त्यागी | आरोपी अक्की का फाइल फोटो

### स्मैक पीने के आदी थे सभी लुटेरे बदमाश : डीसीपी

**करंट क्राइम** : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि इंजीनियर विनय त्यागी की हत्या के मामले में जो मुख्य आरोपी बदमाश अक्की था, वह मूलरूप से मैनपुरी का रहने वाला है लेकिन वह बचपन से ही दिल्ली के सीलमपुर इलाके में रह रहा था। पुलिस का कहना है कि यह पूर्व में भी एक मामले में नामजत था। इसके साथियों पर चाकूबाजी और नशे का सामान बेचने और खरीदने के साथ स्मैक पीने की भी जानकारी मिली है। पुलिस ने बताया है कि अक्की उर्फ दक्ष के साथी युग घई और लवकुश उर्फ राघव सिंह और आमिर घटना को अंजाम देने के दौरान भी स्कैम के नशे में थे और यह स्मैक खरीदने के लिए ही गाजियाबाद इलाके में भटक रहे थे। इसी दौरान इंजीनियर विनय त्यागी उनके रडार पर आ गया था।

### दिल्ली और गाजियाबाद में अक्सर करते थे स्मैक खरीदने के लिए लुटेरे वारदात

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि यह सभी सीलमपुर इलाके के रहने वाले हैं। माध्यमवर्गीय परिवार के होने की वजह से यह सब कम पढ़े लिखे थे और लड़ाई झगड़े के साथ नशे में डूबे रहते हैं। पुलिस का कहना है कि जिस रात इन्होंने इंजीनियर विनय त्यागी की लूट के दौरान हत्या की थी, उस दौरान उसके पर्स में से लगभग 3400 बरामद हुए थे, जिसमें से इन्होंने 1000 रुपये वापिस वापस रख दिए थे और 2400 रुपये स्मैक खरीदने के लिए ले लिए थे।

### मृतक विनय ने पत्नी से बोला था बस पांच मिनट में पहुंचा

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि शालीमार गार्डन क्षेत्र में 3 मई की देर रात विनय त्यागी की लूट के बाद हत्या कर दी गई थी। शव देर रात 3 बजे घर से 3 किलोमीटर दूर एक नाली में मिला। पेट और सीने पर गहरे कट के निशान थे। लैपटॉप, मोबाइल और पर्स गायब था। विनय त्यागी परिवार के साथ साहिबाबाद के राजेंद्र नगर में रहते थे। मेट्रो से ऑफिस अप-डाउन करते थे। घटना की रात भी वह मेट्रो से घर लौट रहे थे। 11.30 बजे उन्होंने पत्नी को फोन किया। बोले- 5 मिनट में पहुंच रहा हूं। लेकिन कुछ देर के बाद उनका फोन ऑफ हो गया

### पुलिस के लिए शुरू से चैलेंज था इंजीनियर विनय त्यागी हत्याकांड

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विनय त्यागी हत्याकांड की सर गर्मी दिल्ली से लेकर लखनऊ तक चल रही थी। लखनऊ पुलिस मुख्यालय से भी गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों को इस पूरे मामले में प्रतिदिन अपडेट लिया जा रहा था। साथ ही जिस तरीके से इंजीनियर की लूटपाट के बाद सरेराह हत्या की गई थी, उससे कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल हो रहे थे। ऐसे में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस को यह हत्याकांड खोलने के लिए टास्क भी दिया गया था।

### स्मैक खरीदने की तलाश में गाजियाबाद में घूम रहे थे बदमाश

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने पत्रकारवार्ता में जानकारी दी है कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई व मुठभेड़ में मारे गए अक्की उर्फ दक्ष और उसके फरार साथी ने पुलिस पर कई फायर किए हैं। बदमाशों की एक गोली मंगल सिंह नाम के उप निरीक्षक के लगी है। जिनका अभी उपचार चल रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि पूरे एनकाउंटर में पुलिस और बदमाशों की ओर से लगभग 12 से अधिक गोली चली हैं। पुलिस को मौके से 12 खोखे मिले हैं, जिसमें कुछ बदमाशों और कुछ पुलिस के बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ की घटना रात करीब चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस चेकिंग कर रही थी और चेकिंग देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने शालीमार गार्डन इलाके से पीछा किया और साहिबाबाद अर्थला इलाके में जाकर पुलिस और बदमाश की मुठभेड़ हुई जबकि एक बदमाश भागने में सफल रहा है। पुलिस के अधिकारियों कहना है कि भागा बदमाश आमिर है या कोई और इसकी अभी जांच की जा रही है।

### पिता को लोकेशन भेजी, फिर फोन ऑफ हो गया था

**करंट क्राइम** : विनय त्यागी के पिता विशंभर त्यागी ने बताया, रात 11:30 बजे विनय ने लोकेशन भेजी कि आप मुझे लेने आ जाओ। लेकिन फिर फोन आया कि मैं घर आ रहा हूं। हम 12:00 बजे तक इंतजार करते रहे। जब नहीं आया तो हम उसे तलाश करने गए। जो लोकेशन उसने भेजी थी उस लोकेशन पर कुछ नहीं मिला। उसका फोन बंद था। ऐसा लगता है की हत्या करने वाला साथ था। उसने विनय का फोन बंद कर दिया। लोकेशन भी डिलीट कर दी। रात भर हम बेटे को राजेंद्र नगर में तलाशते रहे। इसी दौरान खेतान स्कूल राजेंद्र नगर के नाली में एक हाथ दिखाई दिया। हम पास पहुंचकर देखे तो विनय ही था। हमारे साथ विनय की पत्नी, उसके दोनों बेटे और मेरा छोटा बेटा भी था।

### मृतक के पिता एनकाउंटर के बाद रहे मौन

**करंट क्राइम** : मृतक विनय के पिता बदमाश अक्की उफ दक्ष के एकांउटर के बाद मौन हैं। विशंभर त्यागी ने बताया, मेरा बेटा टाटा स्टील में पूरे हिंदुस्तान का बिजनेस देखता था। सिर्फ टाटा स्टील नहीं बल्कि 6 से 7 कंपनी जो घाटे में चल रही थीं उनको मुनाफे में लाया था।

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हुआ डेढ़ साल में तीसरा फुल एनकाउंटर, ट्रांस हिंडन में पहला

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए लगभग डेढ़ साल का समय बिता है। बीते डेढ़ साल के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीन फुल एनकाउंटर पुलिस द्वारा बदमाशों को यमलोक पहुंचाते हुए अंजाम दिए जा चुके हैं। बीते दिनों शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में 3 मई की रात टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की स्मैक का नाश करने वाले बदमाशों ने लूटपाट के बाद निर्मम हत्या कर दी थी।

इस मामले को लेकर पुलिस के आला अधिकारी और खुद यूपी पुलिस के मुखिया पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से अलर्ट ले रहे थे। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिडन जोन के अंतर्गत आने वाले शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र की पुलिस ने साहिबाबाद थानाक्षेत्र में अर्थला के निकट मुठभेड़ के बाद बदमाश अक्की उर्फ दक्ष को देर कर दिया। बताया जा रहा है कि अक्की पर दिल्ली में पहले भी मारपीट और स्मैक की खेप पहुंचने के मामले दर्ज हैं। पुलिस उसका आंकड़ा निकलवा रही है।

### यह हुए हैं अब तक कमिश्नरेट में फुल एनकाउंटर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पहले फुल एनकाउंटर 2 जून 2023 में मुरादनगर थानाक्षेत्र में पुलिस कमिश्नरेट द्वारा किया गया था। ग्रामीण जोन की स्वाट टीम ने यहां 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश विशाल चौधरी उर्फ मोनू को फुल एनकाउंटर में ढेर करते हुए यमलोक पहुंचा था। उस समय मोनू का मुरादनगर क्षेत्र में जबरदस्त खौफ था। वह एक के बाद एक लूटपाट और हत्या की सनसनीखेज वारदात कर रहा था। जिसका पुलिस की मुठभेड़ में फुल एनकाउंटर हुआ था। इसी के साथ देहात जोन के ही मसूरी थानाक्षेत्र में हापुड़ की रहने वाली बीटेक छात्र कीर्ती की लूट के दौरान ऑटो से गिरकर जख्मी होने के बाद मौत हुई थी। इस मामले के मुख्य आरोपी जीतू को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 30 अक्टूबर 2023 को मसूरी थानाक्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने के आरोप में एनकाउंटर में ढेर किया था। जीतू पर लगभग 12 मुकदमें दर्ज होने के साथ ही 25 हजार का इनाम भी घोषित था। वहीं ट्रांस हिंडन पुलिस ने 10 मई शुक्रवार को सुबह करीब चार से पांच के बीच रूटीन चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया और जब बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की तो पुलिस की गोली का शिकार टाटा स्टील के हेड इंजीनियर विनय त्यागी हत्याकांड का मुख्य आरोपी अक्की उर्फ दक्ष पुलिस मुठभेड़ का शिकार बना। पुलिस ने इसका भी फुल एनकाउंटर किया है।

### डीसीपी, एसीपी और एसओ के लिए था बड़ा चैलेंज



करंट क्राइम : तीन मई को हुई टाटा स्टील के इंजीनियर विनय त्यागी की हत्याकांड का खुलासा पुलिस के लिए एक बड़ा चैलेंज था। हालांकि शुरूआत में ही डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम और शालीमार गार्डन थानाध्यक्ष नरेंद्र की टीम क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी के साथ लग गई थी। सभी के लिए यह पूरा केस बड़ा चैलेंज था। कमिश्नरेट और लखनऊ में बैठे वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे मामले की मॉनीटरिंग कर रहे थे। बदमाशों को खोजने और उनको गिरफ्तार करना पुलिस के लिए एक बड़ा चैलेंज था। हालांकि पकड़े गए और मुठभेड़ में मारे गए बदमाश पर किसी प्रकार का कोई इनाम घोषित नहीं था लेकिन पुलिस का कहना है कि स्मैक की लत में शामिल यह बदमाश बेहद शातिर थे और चाकू चलने के एक्सपर्ट भी बताए जा रहे हैं।

### पुलिस ने कहा आत्मरक्षा में चलाई गई गोलियां : एडिशनल सीपी

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी इंजीनियर विनय त्यागी हत्याकांड के खुलासे में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने जानकारी दी है कि बदमाश अक्की उर्फ दक्ष पर पुलिस ने आत्मरक्षारत गोली चलाई। उसके दो गोली सीधे लगी जिससे वह गंभीर रुपय से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस एक उप निरीक्षक मंगल सिंह भी अभी जख्मी हैं। उनका उपचार चल रहा है।

# जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियंता ने किया निर्माणाधीन सिविल कार्यों का निरीक्षण

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर मुख्य अभियन्ता द्वारा राजनगर एक्सटेंशन में चल रहे सिविल कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम देविका स्काइपर्स ग्रुप हाउसिंग के निकट निर्मित की जा रही सड़क जो लगभग 162.50 मीटर लम्बाई में है, का निरीक्षण किया गया। साथ ही ब्रेव हार्ट सोसाइटी के सामने 9.00 मीटर पी.सी.सी. द्वारा निर्मित रोड के साथ-साथ 200 मीटर लम्बाई ग्राम-सिकरोड़ के निकट 45.00 मीटर जोनल रोड के संरेखण का निरीक्षण किया गया। कार्य में मासिक माइलस्टोन निर्धारित करते हुए प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये एवं स्थलीय सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि कार्य में प्रगति हो तथा कार्य गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण हो। निरीक्षण के समय नगर नियोजक, अभियंत्रण जोन के प्रभारी एवं उनका अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त प्रभारी मुख्य अभियन्ता द्वारा अभियन्त्रण जोन-8 स्थित कोयल एन्क्लेव योजना एवं इन्द्रप्रस्थ योजना में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ किया गया।






## जोनल प्रभारियों ने संभाली कमान, रोस्टर के हिसाब से की जा रही है कार्रवाई

# सिटी जोन में चला पॉलिथीनमुक्त अभियान, वसूली से 63000 निगम के खाते में आये




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर निगम ने एक बार फिर से प्लास्टिकमुक्त अभियान चलाया है। इसी क्रम में शहर के बीचों-बीच मार्केट एरिया में पॉलिथीनमुक्त अभियान चलाया गया। व्यापारी वर्ग को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक किया गया, घंटाघर स्थित मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया जहां से लगभग 63000 के जुर्माने की वसूली भी की गई। जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता के नेतृत्व में टीम के साथ अभियान चलाया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग तथा प्रवर्तन दल की टीम की भी उपस्थिति रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जोनल प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं। रोस्टर के हिसाब से कार्रवाई चल रही है। मंगलवार को मोहन नगर जोन में कार्रवाई चली जिसमें लगभग 32000 की वसूली हुई। बुधवार का दिन वसुंधरा जोन का रहा जिसमें पिछले सप्ताह कार्रवाई चली जिसमें लगभग 62000 की वसूली हुई। बृहस्पतिवार को कविनगर जोन अंतर्गत कार्रवाई हुई जिसमें 16000 का जुर्माना वसूला गया। शुक्रवार सिटी जोन अंतर्गत कार्रवाई के लिए दिन निर्धारित है जिसमें 63000 वसूली हुई, इसी क्रम में शनिवार का दिन विजयनगर जोन के लिए निर्धारित किया गया है जिसमें लगभग 4000 की वसूली प्रतिबंधित प्लास्टिक अभियान के दौरान की गई। नगर आयुक्त द्वारा भी शहर वासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की गई है। स्कूलों में भी जन जागरूकता अभियान लगातार जारी है, नगर आयुक्त ने संबंधित टीम को योजना बनाते हुए शहर को पूरी तरह से प्लास्टिकमुक्त करने के लिए कहा है।

## न्यूज डायरी

### नवविवाहिता मायके से आठ तोला सोना लेकर फरार, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी नव विवाहिता को कपड़े दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। युवती अपने साथ घर में रखा आठ तोला सोना भी ले गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवक परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी दो माह पूर्व हुई थी। सात मई को पड़ोस में रहने वाली एक महिला घर पर आई और उनकी बहन को कपड़े दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गई। देर रात तक जब वह वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिली। उन्होंने बताया कि वह अपने साथ उसकी शादी में दिया गया आठ तोला सोना भी ले गई। इस घटना के बाद युवक की मां सदमें में आ गई और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि सिराज ,तारा व समीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नव विवाहिता की तलाश शुरू कर दी गई है।

### कम्पोजिट विद्यालय से लाखों का सामान चोरी , रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव काकड़ा स्थित कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर चोर लाखों का सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका पूनम त्यागी ने बताया कि बदमाश स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर स्मार्ट टीवी 65 इंच ,बैटरी,इन्वर्टर ,खेल का सामाान ,मिडे डे मिल का खाना बनाने के लिए रखे गए दो भगोने चोरी करके ले गए। पूनम त्यागी ने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत तीन लाख रुपए के आसपास है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### दूसरे के भूखंड पर जबरन कब्जे का प्रयास

**लोनी, करंट क्राइम।** अगरोला गांव के एक व्यक्ति ने एक युवक पर अपने भूखंड के फर्जी कागजात बनाकर जबरन कब्जा करने की कौशिश करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रॉनिका सिटी थाने के अगरोला गांव निवासी पवन शर्मा ने बताया कि उसने सन 2022 में 100 वर्ग गज का भूखंड हकीकतपुर खुदाबांस में खरीदा था। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व कवित नाम का एक व्यक्ति ने उस भूखंड के फर्जी कागजात बनवा लिये तथा जबरन कब्जा करने की नीयत से चारदीवारी का निर्माण कराने लगा। विरोध करने पर बदतमीजी करने लगा। पीड़ित ने आरोपी कवित के खिलाफ ट्रॉनिका सिटी में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### लोनी में बन रहे थे पुमा के नकली गारमेंटस, रिपोर्ट

**लोनी, करंट क्राइम।** इकरामनगर कॉलोनी में बन रहे थे पुमा कम्पनी के नकली लोअर और हाफपेंट। कम्पनी प्रतिनिधि ने पुलिस के साथ मौके पर छापा मारकर भारी संख्या में तैयार गारमेंटस और नकली लेबल आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कॉपीराइट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उत्तम नगर दिल्ली निवासी कृष्णपाल सिंह पुमा कम्पनी के प्रतिनिधि हैं और कम्पनी के नकली रेडीमेड गारमेंटस बनाने वाली फैक्टरियों पर नजर रखते हैं। कृष्णपाल ने बताया कि उन्हें लोनी की इकरामनगर कॉलोनी में आसिम की मुबारक फैशन गारमेंटस फैक्ट्री में पुमा कम्पनी के नकली गारमेंटस बनाने की सूचना मिली थी। गुरुवार को पुलिस टीम के साथ फैक्टरी पर छापा मारा तो वहां पुमा कम्पनी के नकली लोगो लगाकर हाफ पेंट तथा लोअर बनाए जा रहे थे। मौके से 305 लोअर तथा 216 हाफ पेंट, नकली लेबल,स्टीकर आदि बरामद हुए हैं। कृष्णपाल ने फैक्टी मालिक आसिम के विरुद्ध लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### युवक को लाठी डंडों से पीटा, फ्रैक्चर

लोनी,करंट क्राइम। मामूली विवाद के चलते दबंगों ने युवक के साथ मारपीट की तथा डंडों से पैरों पर वार किया जिससे युवक के पैरों में फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित ने हमलावरों के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। गोकलपुरी दिल्ली निवासी अरुण ने बताया कि उसका भाई प्रमोद ट्रॉनिका सिटी की एक सिलाई फैक्ट्री में काम करता है तथा पास के दुगरावली गांव में एक किराए के मकान में रहता है। आरोप है कि पांच मई को उसका कुछ लोगों से मामूली विवाद हो गया था। आरोप है कि उन लोगों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जबकि उसके साथियों ने पकड़ लिया था जिससे उसके पैरों की हडडी फ्रैक्चर हो गई। पीड़ित ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### पिता के डांटने पर घर से निकल गया छात्र

**लोनी, करंट क्राइम।** पिता के डांटने पर कक्षा छह का छात्र बुधवार को घर से चला गया जिसका अभी तक सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने ट्रॉनिका सिटी थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की राजधानी एन्क्लेव कॉलोनी निवासी रंधीर सिंह ने बताया कि वह घर में ही माला बनाने का काम करता है। बुधवार को उसने 12 वर्षीय पुत्र को पैसों का ठीक से हिसाब ना देने पर डांट दिया था जिसके बाद सुबह 11 बजे वह घर से बिना बताए चला गया। रंधीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा पास के ही सीपीएस स्कूल में छटी कक्षा का छात्र है, आसपास और नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश किया, लेकिन सुराग नहीं लग सका है।

### स्कूलों में मेरा आंगन मेरी हरियाली मुहिम के तहत किया पौधरोपण



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में मेरा आंगन मेरी हरियाली मुहिम के तहत 5 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिनमे हंस इंटर कॉलेज एवं दयानंद स्मारक स्कूल ,प्राथमिक विद्यालय जलालपुर, प्राथमिक विद्यालय असालतपुर के प्रांगण में नगर पालिका परिषद मुरादनगर के माध्यम से स्कूल की प्रधानाचार्या नगरपालिका परिषद मुरादनगर की ब्रांड एंबेसडर दुर्गेश शर्मा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर 25 पौध लगाकर पर्यावरण सुरक्षित रखने एवं मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। यहां पर विभिन्न प्रजाति के 21 पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। हंस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारा विद्यालय प्लास्टिक फ्री हो चुका है हमारे स्कूल में कोई भी पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करता है यदि कोई करता हुआ पाया जाता है तो उसे फाइन लिया जाता है। नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि आस पास रहने वालों, परिजनों आदि को भी पौधरोपण किए जाने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकों के साथ साथ अनिल कुमार शर्मा एस एस आई नगरपालिका परिषद मुरादनगर का भी विशेष सहयोग रहा।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर देवी मंदिर में किया धर्म रक्षा यज्ञ का आयोजन



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिर के कीर्तन भवन में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में धर्म रक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया इसके मुख्य यजमान पंडित गुंजन शर्मा मंत्री महानगर भाजपा रहे। यज्ञाचार्य पंडित राम भवन मिश्र रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा रहे। इस अवसर पर पंडित बीडी शर्मा ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी और कहा कि धर्म जागरण बहुत जरूरी है, समाज को इससे दिशा मिलती है, इसकी रक्षा करने का कर्तव्य आने वाली युवा पीढ़ी का है। विशिष्ट अतिथि पंडित राकेश शर्मा सदरपुर, पंडित पंकज शमा, पंडित अश्विनी शर्मा, पंडित अनुज शर्मा रहे। इस अवसर पर पंडित मनोज पंत, पंडित राकेश शर्मा, पप्पू पंडित, निखिल शमा,पंडित केशव झा, पंडित प्रफुल्ल भारद्वाज, पंडित जेपी पाठक, पंडित रजत वशिष्ठ, पंडित पवन राय पंडित गगन शर्मा, पंडित अंकुश शर्मा, पंडित हिमांशु पाराशर, मुकेश सक्सेना,शैलेंद्र वर्मा, विनेश गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, कुलदीप मित्तल, अजय बंसल, संजय गोयल, राहुल, शक्ति पंडित, धर्मेंद्र, शोभा पाल, सुनीता सोनी, जितेंद्र, ऋषभ धमीजा ,ठाकुर प्रिंस राठौर एवं सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जनरल वीके सिंह ने जी न्यूज1 इंडिया के सम्पादक अनुराग चड्ढा की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



गाजियाबाद,करंट क्राइम। केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद जनरल डॉ. वीके सिंह शुक्रवार को जी न्यूज 1 इंडिया के मुख्य संपादक अनुराग चड्ढा की माताश्री के देहांत उपरांत कविनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# जर्जर हो रहे हिंडन बैराज पुल से निकलते भारी वाहन, सुबह- शाम के जाम से हलकान



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** सिद्धार्थ विहार, प्रताप विहार और लाइनपार के अन्य इलाकों को ट्रांस-हिंडन के इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, नोएडा, दिल्ली को जोड़ने वाला हिंडन नदी पर बना पुल जर्जर अवस्था में है। इसकी कोई देखभाल नहीं होने से इस पुल पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। सिद्धार्थ विहार और अन्य स्थान से ऑफिस, स्कूल और अन्य कार्य के लिए यहां से कई लोग इसका प्रयोग एनएच 9 के जाम से बचने के लिए करते हैं। पर अब यहां भी जाम से निजात नहीं मिल रही है, समय के साथ इस पुल पर ट्रैफिक कई गुना बढ़ चुका है। पुल जिसे केवल छोटे वाहनों के प्रयोग के लिए बनाया गया था। उसमें खुलेआम बड़े वाहन और ट्रैक्टर भी चल रहे हैं जिन्हें रोकने के लिए पुल के दोंनों ओर बड़े लोहे के गार्डर लगाये गए थे। अब वह भी गायब हो गए हैं, जिसके चलते सुबह शाम यहां पर आये दिन जाम लग जाता है। पुल पर दोनों तरफ लगाए गए लोहे के जाल भी उखड़ चुके हैं। एनके नेगी का कहना है कि वर्तमान में इस जगह पर दूसरे पुल के निर्माण की बहुत आवश्यकता है। और यहां पर पीक ऑवर्स में ट्रैफिक स्टाफ की तैनाती की जानी चाहिए। बड़े वाहनों पर रोक लगाई चाहिए. वर्तमान में इसके रखरखाव की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है।

# परशुराम महेंद्र पर्वत पर विद्यमान! प्रातः स्मरण करने से मनुष्य दीघार्यु तथा निरोगी रहता है!




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर में विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर विप्र बंधुओं द्वारा विश्व शांति यज्ञ और आशुतोष भगवान दूधेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि परशुराम त्रेता युग के एक ऋषि थे। परशुराम नारी के सम्मान के प्रति कटिबद्ध थे। उन्होंने ऋषि अत्रि की पत्नी नुसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपमुद्रा के साथ नारी जागृति हेतु प्रयास किया। इनका प्रातः स्मरण करने से मनुष्य दीघार्यु तथा निरोग रहता हैं इस शुभ अवसर पर उपाध्यक्ष आरसी शर्मा, संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, सीमा भार्गव, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति, राष्ट्रीय महासचिव महिला शक्ति, राष्ट्रीय प्रवक्ता राधेश्याम पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेश कौशिक, महासचिव शैलेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विजय कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन भारद्वाज गौरव शर्मा महासचिव सुभाष शर्मा, महासचिव मनीष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक चंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋषि पाल शर्मा, समाजसेवी संदीप त्यागी समाजसेवी छोटेलाल कनौजिया , उपाध्यक्ष कपिल पंडित, उपाध्यक्षसागर शर्मा,डॉ सतीश भारद्वाज, ब्राह्मण शिरोमणि संतोष कौशिक,संगठन मंत्री मनोज शर्मा, संगठन मंत्री देवेंद्र शर्मा, डॉक्टर एन एस तोमर, संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा समाजसेवी विनीता पाल, महिला शक्ति महानगर अध्यक्ष आशा शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, प्रवीण कुमार मुकेश कुमार पीएन गुप्ता मिलन मंडल,यज्ञ आचार्य नंदकिशोर आदि मौजूद थे।

# अनाथालय में केक काटकर बच्चों के बीच मनाया जनरल वीके सिंह का जन्मदिन



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल डॉ. वीके सिंह का वसुंधरा स्थित लाल बहादुर शास्त्री अनाथालय में केक काटकर तथा बच्चों को गिफ्ट बांटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मीडिया संयोजक अंकित गिरि, क्षेत्रीय मीडिया सहसंयोजक अमित पाराशर,क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य ज्योति चौहान, महानगर मंत्री रेखा त्यागी,मण्डल संयोजक मधु गोस्वामी,स्वाति चौहान,भाजपा नेता वीरेन्द्र प्रताप त्यागी,महानगर मीडिया संयोजक यतेन्द्र पंवार आदि ने बच्चों के साथ मिलकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया व बच्चों ने जनरल वीके सिंह के लिए उत्तम स्वास्थ्य दीघार्यु होने की कामना की।

### चुनाव आयोग ने उसकी कार्यप्रणाली पर संदेह जताने पर की खड़गे की आलोचना

**नई दिल्ली।** मतदान के आंकड़ों में विसंगतियों के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ट्वीट को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अवांछनीय करार देते हुए उनकी आलोचना की है। आयोग ने शुक्रवार को खड़गे को लिखे एक पत्र में कहा कि ट्वीट में किए दावे चुनाव के सुचारु संचालन और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के प्रति भ्रम पैदा करने के लिए किए गए प्रतीत होते हैं। इससे पहले, खड़गे ने ईसीआई द्वारा जारी मतदान प्रतिशत डेटा में विसंगतियों और पंजीकृत मतदाताओं की सूची प्रकाशित न करने के संबंध में 6 मई को एक्स पर एक पत्र पोस्ट किया था।

### खोया-पाया

मेरी दशवीं कक्षा की मार्कशीट एवं सनद जिसका अनुक्रमांक नंबर 0374813 वर्ष 2006 यूपी बोर्ड एवं 12वीं कक्षा की मार्कशीट एवं सनद जिसका अनुक्रमांक नंबर 0343198 वर्ष 2009 यूपी बोर्ड है जो वाकई में खो गई है मेरा पता राहुल त्यागी पुत्र शिव कुमार त्यागी मकान नंबर अ-5 न्यू विकास नगर लोनी गाजियाबाद पिन कोड 201102 है।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/किराये की/नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र0 सं0 | मूल आवंटी/ पट्टाधारक स्वामी का नाम | भूखण्ड/ भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम(पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/ पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री सुधाकर अग्रवाल पुत्र श्री लोकेन्द्र कुमार एवं श्रीमती आभा अग्रवाल पत्नी श्री सुधाकर अग्रवाल | भवन संख्या- BAN-03/05, शिप्रा सनसिटी | इन्दिरापुरम | श्रीमती आभा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री सुधाकर अग्रवाल | निवासी-टॉवर C-3, फ्लैट नं.- 1104, क्लियो काउंटी,सैक्टर-121, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.-201301 मो.- 9560741818 | सह-पट्टेदार श्री सुधाकर अग्रवाल पुत्र श्री लोकेन्द्र कुमार की मृत्यु दिनांक 10.07.2023 को हो जाने के कारण | पट्टाधृत सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामांतरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहा0 प्रभारी व्यवसायिक

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 11 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# टिकट न होने का नहीं दिखा जनरल वीके सिंह के बर्थडे पर कोई खास असर

## बनाने वालों ने बनाई दूरियां और बधाई देने वालों ने नहीं छोड़ी कोई कसर

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में सत्ता का असर होता है और जब तक चुनावी पत्ता आपके हाथ में रहता है तब तक आप बाजी के बादशाह होते हैं। लेकिन यहां उम्मीदवारी की पिच से आउट होते ही ये डाउट होने लगात है कि जिन्हें अपना मान रहे थे वो हमारे हैं ही या नहीं। बात गाजियाबाद लोकसभा राजनीति की करें तो यहां चुनावी सीजन में लोकसभा के लिए टिकट रिपीट नहीं हुआ। जनरल वीके सिंह ने ट्वीट कर दिया कि वो चुनाव नहीं लड़ेंगे और उम्मीदों की रेस मुट्ठी से निकल रही थी। इन सबके बीच ये सवाल उठ रहा था कि जनरल वीके सिंह गाजियाबाद नहीं आये। वो प्रधानमंत्री के रोड शो में दिखाई दिये और फिर गाजियाबाद में उनके दर्शन नहीं हुए। इसकी वजह चुनावी व्यस्तता भी थी। चुनावी सीजन में जनरल गाजियाबाद आये और रीजन भी उनका बर्थडे रहा। गाजियाबाद में मतदान के बाद जनरल वीके सिंह का जन्मदिन आया। सेलीब्रेशन आफ्टर इलैक्शन वाला सीन रहा और तस्वीरें बता रही थी कि भंडारे में लोग पहुंचे।



जिन्होंने दूरियां बनानी थी वो दूरियां बना गये और बधाई देने वाले बधाई देने पहुंचे। हालांकि दूरियों के पीछे की मजबूरियां चुनाव प्रचार की व्यस्तता है। पारिवारिक कार्यक्रम है लेकिन दूरियों का संदेश दिखाई दिया। जिन्हें जन्मदिन की बधाई देनी थी वो पूरी शिद्दत से आये। जनरल वीके सिंह के यहां वो उपस्थित हुए। यहां सुबह 10 बजे से शुरू हुआ भंडारा 3 बजे तक चला। बड़ी संख्या में लोगा जनरल वीके सिंह को बधाई देने के लिए पहुंचे। कई ऐसे लोग भी थे जो दूसरे खेमे के खास हैं लेकिन वो भी जनरल वीके सिंह को जन्मदिन की बधाई देने के लिए उनके आवास पर आये। इनमें दो चेहरे प्रमुख रहे। बधाई शुभकामनाओं का सिलसिला चलता रहा। जनरल के प्रति लोगों का क्रेज दिखाई दिया और जनरल वीके सिंह का बर्थडे यादगार रहा। जन्मदिन का उत्सव शानदार रहा। लोग इस बात से भी खुश थे कि टिकट नहीं होने के बाद भी जनरल वीके सिंह अपना जन्मदिन मनाने गाजियाबाद आये और यहां के लोगों के साथ उन्होंने अपनी खुशी को साझा किया।







### पूर्व राज्यसभा सांसद से लेकर वर्तमान मंत्री स्वतंत्र प्रभार भी नहीं आये

करंट क्राइम। करंट क्राइम ने बर्थडे सैलीब्रेशन से पहले ही ये बता दिया था कि हैप्पी बर्थडे वाले केक से डिस्टेंस रहेगा। कुछ चेहरों के आने पर सस्पेंस रहेगा और जन्मदिन वाले दिन ठीक वैसा हुआ भी। हालांकि यहां ऑन रिकार्ड चुनाव ड्यूटी की मजबूरी भी रही कि ये दूरी रही। लोकसभा उम्मीदवार चुनाव प्रचार ड्युटी पर थे और पूर्व राज्यसभा सांसद जन्मदिन की बधाई से दूरी बना गये। कैबीनेट मंत्री परिवार सहित जिले से बाहर थे तो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार इस बधाई समारोह में नहीं पहुंचे। एमएलसी दिनेश गोयल पहले ही बता चुके थे कि उन्हें बाहर रहना है। सबसे बडी बात ये थी संगठन के कई पदाधिकारियों से लेकर छोटे बड़े प्रतिनिधियों ने भी दूरियों का संदेश परस्पर दिया।

**करंट क्राइम ने बर्थडे सैलीब्रेशन से पहले ही ये बता दिया था कि हैप्पी बर्थडे वाले केक से डिस्टेंस रहेगा, कुछ चेहरों के आने पर सस्पेंस रहेगा और जन्मदिन वाले दिन ठीक वैसा हुआ भी।**

### हो सकता है मिरेकल बैठेगा किस करवट जनरल की पॉलिटिक्स का कैमल

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह राजनीति का बड़ा चेहरा हैं। राजनीतिक जीवन में सभी के उतार चढ़ाव आते हैं। लेकिन समुंद्र की लहरों से जहाज की विशालता पर असर नहीं पड़ता है। जनरल वीके सिहं अभी लोकसभा सांसद भी हैं और केन्द्रीय मंत्री भी हैं। ये बात वो पत्र बता रहा है जो उनके दिल्ली से गाजियाबाद आने की सूचना को लेकर प्रशासन के पास आया। उस पत्र में वह लोकसभा सांसद भी हैं और केन्द्रीय मंत्री भी हैं। देश की सेना के प्रमुख रहे हैं और कहने वाले कह रहे हैं कि जनरल की राजनीति का मिरेकल अभी बाकी है। उनकी राजनीति का कैमल किसी करवट तो बैठेगा ही। सियासी गुणा भाग वो भी लगा रहे होंगे। लेकिन वो राजनीति का बड़ा चेहरे हैं इससे इंकार नहीं किया जा सकता। अपने जन्मदिन पर उन्होंने अपने परिवार के साथ क्षेत्र की जनता को संदेश दिया। उनकी बेटी मृणालिनी सिंह और पत्नी भारती सिंह सभी से मिल रहीं थीं और बधाई स्वीकार कर रहीं थी।

# 'जब पलटे मेरा गाजियाबाद 2.0 के पन्ने'

## तब हुआ ये एहसास विकास की चर्चा में लिया है उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को साथ













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पन्नों में हमेशा इतिहास सिमटता है। पन्नों में कभी भविष्य नहीं आता है। पन्ने इतिहास को बताते हैं चाहे वो चुनाव का इतिहास, हो चाहे वो राजनीति का इतिहास हो। लोकसभा में उनका टिकट नहीं हुआ ये इतिहास में आया। पन्नों ने कभी भविष्य नहीं बताया, पन्ने कभी वर्तमान नहीं बताते, पन्ने इतिहास बताते हैं। जनरल वीके सिंह ने मेरा गाजियाबाद 2.0 किताब तैयार करायी थी तब ये अंदाज भी नहीं था कि टिकट अतुल गर्ग का होगा। इस किताब ने जनरल ने अपनी निधि से कराये गये कामों का जिक्र किया है। मेरा गाजियाबाद 2.0 का कवर पेज शानदार है। इस पर जनरल वीके सिंह की फोटो है। किताब ब्लैक एंड यैलो थीम पर है। जब इस किताब के पन्ने पलटे तो पता चला कि जनरल ने मेरा गाजियाबाद में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों का भी जिक्र किया है। जो दूरियों के दस्तूर की बात चलती है वो यहां दूर होती दिखाई दी। किताब में गाजियाबाद की राजनीति और जनप्रतिनिधियों का जिक्र है। किताब में लोकसभा क्षेत्र की तस्वीरें है और विकास की तस्वीरों के पन्ने पर एक फोटो वो है जिसमें जनरल वीके सिंह के साथ पूर्व राज्यसभा सासंद डॉ अनिल अग्रवाल और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप हैं। एक फोटो शहर विधायक और लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भी हैं। जब ये किताब छपी होगी तब शायद अतुल गर्ग के लोकसभा टिकट की भूमिका भी नहीं बनी होगी। किताब के पन्ने पलटते हैं तो एमएलसी दिनेश गोयल भी आते हैं। किताब के पन्नों पर विकास वाले पत्थर में जनरल वीके सिंह के नाम के साथ मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का भी नाम है। पन्ने पलटते हैं सांसद निधि दिखाई देती है। किताब आमने सामने के दो पन्ने हैं जिनमें एक पन्ने में वो मौजूदा कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ हैं और एक पन्ने में उनके दीदार लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के साथ हो रहे हैं। दोनों ने उद्घाटन का फीता पकड़ा हुआ है। कैंची रूकी हुई थी। 2.0 वाली इस किताब में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी भी दिखाई दे रही हैं। भगवा कमांडर संजीव शर्मा के भी किताब में दीदार हो रहे हैं। किताब को देखकर लग रहा है कि ये किताब चुनाव में बांटने के लिए बनी होगी लेकिन ये इत्तेफाक रहा कि ये जन्मदिन पर बटीं। इतिहास ये भी रहा कि कुछ तस्वीरें इस किताब में दिखाई दी है और कुछ तस्वीरें रह गई होंगी। कुछ तस्वीरों को आखिरी पन्ने पर भी स्थान मिला है। इनमें किसी रोड शो में जनरल वीके सिंह धौलाना विधायक धर्मेश तोमर के साथ दिखाई दे रहे हैं। किताब के पन्ने इस बात की भी गवाही दे रहे हैं। वो तस्वीरें में सबको साथ लेकर चल रहे हैं।









# लोकसभा में बाकी है जनरल वीके सिंह के बड़े व्यक्तित्व का मैजिक

## खास चेहरों ने दिया संदेश हम हैं स्पेशली साथ विदआउट ऐनी लॉजिक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह अपने आप में चलता फिरता उपलब्धियों का भंडार है। अगर वो देश के लिए किये गये कामों को गिनाने बैठ जायें तो सुबह से शाम और शाम से सुबह हो सकती है। वो सियासत का बड़ा चेहरा हैं, सेना का बड़ा चेहरा हैं और उनका अपना जादुई व्यक्तित्व है। वो सैन्य जीवन के बाद राजनीति में आये। जब इस साल उनका जन्मदिन आया है तो हर कोई नुकसान और फायदे का हिसाब लगा रहा है कि कायदे से किधर रहना चाहिए। इधर रहने में फायदा है क्योंकि ताकत के विभाजन के बाद ही बहुत चीजे खुलकर आती हैं। राजनीति में वो लोग साथ छोड़ जाते हैं जो लंबे चौड़े वादे करते हैं। लेकिन लोग ऐसे भी होत हैं जो महत्वकांक्षा को नहीं बल्कि संबंधों को महत्व देते हैं। जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर ऐसे ही चेहरे दिखाई भी दिये और ऐसे चेहरों की मौजूदगी का मतलब ही यही था कि बदलती परिस्थितियो का हम पर कोई असर नहीं पड़ा और हम बिना किसी लॉजिक के साहब के साथ थे, साहब के साथ हैं। वरना ऐसे भी लोग रहे कि जो जन्मदिन की बधाई से पहले कैलकुलेशन लगाते रहे कि राजनीति का केन्द्र क्या रहेगा। कई बड़े फेस ऐसे रहे जिन्होंने पूरा बेस साहब पर रखा। वो कैलकुलेशन से दूर थे और इलैक्शन से दूर थे और फायदे वाले कायदे उन पर असर नहीं डाल रहे थे। कुछ चेहरे हर साल जनरल वीके सिंह के जन्मदिन में शामिल होते रहे हैं। ये वो चेहरे है जो सम्मान के रिश्तों से जुड़े हैं। ये चेहरे ये भी जानते हैं कि अब साहब सांसद नहीं हैं और राजनीति की गंगा में काफी पानी बह गया है और बह जायेगा। मगर ये चेहरे आये और जमकर खड़े हुए। ये तब था जब जन्मदिन वाले केक से संगठन के कई पदाधिकारी और कई छोटे जनप्रतिनिधि भी दूरी बना गये। मगर सियासत के इन चेहरों ने एक संदेश दिया कि हम जिसके साथ हैं उसी के साथ हैं और हम सम्बंधों में राजनीति नहीं करते और राजनीति में संबंध नहीं तलाशते।









### ये था जुनुन जब सुबह 7 बजे लगवा दिये बैलून



करंट क्राइम। संबंधों को निभाने में समाजसेवी और व्यापार मंडल के राष्ट्रीय पदाधिकारी अजय गुप्ता सबसे आगे रहते हैं। अपनी बात को बेबाकी से रखते हैं और संबंधों की खुशी का जुनुन क्या होता है ये अजय गुप्ता ने दिखाया। जनरल वीके सिंह जन्मदिन था और इसे अजय गुप्ता ने सैलीब्रेशन बनाया। उन्होंने सुबह 7 बजे जनरल वीके सिंह के राजनगर स्थित आवास का ताला खुलवाकर बैलुन की डेकोरेशन करवाई। फोटो लगवाये और हैप्पी बर्थडे का माहौल सुबह 7 बजे बना दिया।

### पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने तो बाकायदा जारी किया निमंत्रण वीडियो



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव समाजिक मुद्दों से लेकर राजनीतिक मुद्दों पर एक्टिव रहते हैं। बेबाक तरीके से अपनी बात को रखते हैं और प्रतिक्रिया उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है। जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव पूरी तरह एक्टिव नजर आये। उन्होंने बाकायदा वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डालकर सभी को आमंत्रित किया।

### समरकूल मैन संजीव गुप्ता और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी भी जमे रहे देर तक



करंट क्राइम। आज के समय में सफल लोगों के पास समय नहीं है। आज के समय में समय देना सबसे बड़ी बात है वो भी तब जब आपको दिखाई दे रहा हो कि राजनीति करवट बदल रही है। लेकिन संबंधों को निभाने वाले लोग इन बातों की परवाह नहीं करते। अपने वचन की कीमत जानने वाले लोग वचनबद्ध रहते हैं। जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर समरकूल मैन संजीव गुप्ता सुबह ही पहुंचे और दोपहर तक रूके। अपनी प्रतिबद्धता के साथ खड़े नजर आये। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी भी इस आयोजन में देर तक रूके। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना तो सबसे पहले जनरल वीके सिंह के आवास पर पहुंचे। यहां भाजपा नेता केडी त्यागी भी पूरी शिद्दत के साथ दिखाई दिये। इसके अलावा जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर उनके आवास पर खासतौर से अशोक मोंगा, अश्वनी शर्मा, हातम सिंह नागर और वीरेन्द्र मुन्ना भी दिखाई दिये।

## संपादकीय

# उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को परेशानी

अभी गुरुवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस को बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस को 85 फ्लाइट कैंसल करनी पड़ीं। कंपनी ने बुधवार को भी 80 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल की थीं। निश्चित रूप से इससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। करीब एक महीने के अंतर पर यह दूसरा मौका है जब टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी के यात्रियों को इस तरह की परेशानियों से दो-चार होना पड़ा है। अप्रैल में ग्रुप की कंपनी विस्तारा को अचानक पायलटों के छुट्टी पर चले जाने से 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। दरअसल, टाटा ग्रुप में अलग-अलग एयरलाइन कंपनियों के विलय की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में अलग-अलग कंपनियों में सैलरी स्ट्रक्चर की रीबैलेंसिंग का चुनौतीपूर्ण काम होना है। यह बिजनेस डिसिजन ग्रुप का आंतरिक मामला है। लेकिन जिस तरह से इसका असर उड़ानों के रद्द होने के रूप में सामने आ रहा है और जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है, उससे साफ है कि यह काम कुशलता से नहीं किया जा रहा।

देश का एविएशन सेक्टर कई तरह के दबावों से जूझ रहा है। हालांकि यह कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर को पीछे छोड़ चुका है। एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गए। लेकिन यात्रियों की इस बढ़ी हुई संख्या की जरूरतें पूरी करने वाले विमानों की संख्या महामारी-पूर्व के दौर के मुकाबले और कम हो गई हैं। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि हवाई किराए में अच्छी बढ़ोतरी हो चुकी है। दूसरी बात यह कि जब भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की जाती हैं तो यात्रियों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। इन हालात में उनके लिए वैकल्पिक फ्लाइट्स का इंतजाम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर जनवरी-मार्च तिमाही की बात की जाए तो डोमेस्टिक एविएशन मार्केट के करीब 90% हिस्से पर इंडिगो और टाटा ग्रुप एयरलाइंस का कब्जा दिखता है। मार्केट पर दो बड़े खिलाड़ियों का वर्चस्व कॉम्पिटिशन के लिहाज से कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी। इससे किराए के नीचे आने की उम्मीद भी नहीं बन रही।

बहरहाल, ऊंचे किराए और मुनाफे की तगड़ी संभावना के बीच यात्रियों की परेशानी की मौजूदा स्थिति स्वीकार्य नहीं हो सकती। एविएशन रेग्युलेटर डीजीसीए को कंपनियों से यह सुनिश्चित करवाना चाहिए कि उनकी आंतरिक समस्याओं का खामियाजा यात्रियों को न भुगतना पड़े।

# वैश्विक तकनीक महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा भारत : इंडस्ट्री लीडर्स




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस से पहले इंडस्ट्री लीडर्स ने शुक्रवार को कहा कि बढ़ते टेक इकोसिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर जोर देने के कारण भारत आज दुनिया में वैश्विक तकनीक महाशक्ति बनने की कगार पर पहुंच गया है।

आईटी कंपनी सेल प्वाइंट इंडिया के प्रबंध निदेशक, अभिषेक गुप्ता ने कहा, स्टार्टअप से लेकर बड़ी कंपनी बनने तक, एआई को टेक्नोलॉजी से जोड़कर अभूतपूर्व दक्षता हासिल करना, नवाचार एवं उसको बढ़ाना, साथ ही एक युवा और दक्ष वर्कफोर्स के कारण भारत डिजिटल युग में एक अग्रणी देश बन चुका है। सरकार भी टेक्नोलॉजी के महत्व को जानती है और एआई का फायदा उठाने के लिए कदम उठा रही है। वृद्धि और उन्नति के अगले चरण में एआई का योगदान काफी अहम होगा। फिडेलिटी इंटरनेशनल के इंडिया हेड, रोहित जेटली ने कहा, जनरेटिव एआई, डेटा के वर्चुअलाइजेशन और अन्य कटिंग ऐज टेक्नोलॉजी के कारण पारंपरिक क्षेत्र में काम करने के तरीके में बड़ा बदलाव आने जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा, ये एक बड़े बदलाव का युग है, जिसमें इंडस्ट्रीज तेजी से बदल रही है, जो नवाचार और क्षमता को बढ़ा रहा है। इंडियन ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर में हमें इसकी ही आवश्यकता है। बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एआई का मार्केट 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# अब एक्स पर पोस्ट कर सकते हैं फिल्म : ऐलन मस्क



**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने ऐलान किया कि सोशल मीडिया एक्स यूजर्स फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर मोनेटाइजेशन के जरिए आय अर्जित कर सकते हैं। अपनी बहन टोस्का मस्क (जो कि स्ट्रीमिंग सर्विस पेशनफ्लिक की सह-संस्थापक हैं) जवाब देते हुए मस्क ने कहा, यूजर्स अब एक्स पर फिल्म, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट को आसानी से पोस्ट कर सब्सक्रिप्शन के जरिए मोनेटाइजेशन का फायदा उठा सकते हैं।

टोस्का ने अगले पोस्ट में लिखा कि लोग अब एक्स पर फिल्म देख रहे हैं। यह काफी अच्छा है। कुछ यूजर्स ने इस दौरान मस्क को सलाह दी कि बिना सब्सक्रिप्शन लिए फिल्म देखने के लिए उन्हें एक वन टाइम फीस भी रखनी चाहिए। इसके अलावा मस्क ने अपने फॉलोअर्स को बताया कि 'एआई ऑडियंस' फीचर जल्द ही आने वाला है। उन्होंने इस नए फीचर के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी मदद से आप ऐड के लिए अपनी टारगेट ऑडियंस तक जल्द ही पहुंच सकते हैं। हमारा एआई सिस्टम कुछ ही सेकंड्स में आपके ऐड के लिए उपयुक्त यूजर्स का एक पूल तैयार कर देगा।

एलन मस्क ने एक्स (पूर्व ट्विटर) को अक्टूबर 2022 में खरीदा था। तब से लेकर अब तक मस्क कंपनी का नाम बदलकर एक्स कर चुके हैं। इसके साथ ही कंटेंट पोस्ट करने पर मोनेटाइजेशन जैसे कई फीचर्स को प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।

# अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना रहा फायदे का सौदा

## एक साल में मिला 15 प्रतिशत का रिटर्न



**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया का त्योहार पूरे देश में धूमधाम मनाया गया। हिंदू धर्म की मान्यता के मुताबिक अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है और इस वजह से बड़ी संख्या में लोग अक्षय तृतीया के दिन निवेश और उपयोग के लिए सोना या सोने के आभूषण खरीदते हैं। ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, शुक्रवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 72,630 रुपए है। वहीं, एक साल पहले सोने का भाव 63,000 रुपए के आसपास था।

ऐसे में पिछले एक साल में सोने में निवेशकों को करीब 15 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में भारत में सोने की मांग में 8 प्रतिशत का उछाल आया है और यह 136.6 टन रही है। 2024 में 700 से 800 टन के बीच रह सकती है। प्रभुदास लीलाधर वेल्थ मैनेजमेंट के चीफ बिजनेस ऑफिसर शशांक पाल ने कहा, अक्षय तृतीया के वार्षिक गोल्ड डेटा से पता लगता है कि सोना निवेशकों के लिए निवेश का सुरक्षित माध्यम है।

हमें लगता है कि पिछले दो वर्ष के मुकाबले इस वर्ष रिटर्न में धीमापन देखने को मिलेगा। इसकी प्रमुख वजह डॉलर का मजबूत होना है। फिजिकल के अलावा सोने में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड या ईटीएफ के माध्यम से निवेश किया जा सकता है। इससे आपको सोने की शुद्धता को लेकर भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और इसे रखने के लिए सुरक्षित स्थान बनाने की दुविधा से भी आप मुक्त हो जाते हैं।

# भारत में लग्जरी घर घरीदने वालों की पांच वर्षों में बढ़ी संख्या



**नई दिल्ली।** भारत में लग्जरी और प्रीमियम घरों की मांग में पिछले पांच वर्षों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। 2019 की पहली तिमाही में बिकने वाली घरों में लग्जरी होम की संख्या 7 प्रतिशत थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में बढ़कर 21 प्रतिशत हो चुकी है। इस दौरान बजट घरों या अफोर्डेबल होम की बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में सामने आई। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी से मार्च की अवधि में देश के सात बड़े शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके थे, जिसमें से 27,070 यूनिट्स (21 प्रतिशत) लग्जरी घर थे। वहीं, 2019 की पहली तिमाही में ये आंकड़ा 7 प्रतिशत पर था, यानी, पिछले पांच वर्षों में इसमें 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है। 2024 की पहली तिमाही में 26,545 अफोर्डेबल होम बिके थे, जो कि कुल घरों की बिक्री का 20 प्रतिशत था। पांच वर्ष पहले यह संख्या 37 प्रतिशत पर थी। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, लग्जरी घरों की मांग और आपूर्ति दोनों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं, अफोर्डेबल होम की मांग फिलहाल कम है। अच्छी लोकेशन पर ब्रांडेड डेवलपर्स के लग्जरी घरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 15,645 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 6,060 यूनिट्स या 39 प्रतिशत घर लग्जरी थे और इनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक थी। पांच वर्ष पहले दिल्ली-एनसीआर में कुल 13,740 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 4 प्रतिशत ही लग्जरी घर थे। 2024 की पहली तिमाही में बेंगलुरु, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर), चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में बिकने वाले ज्यादातर घर मिड-रेंज और प्रीमियम सेगमेंट (40 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए तक) के थे। 2024 की पहली तिमाही में अफोर्डेबल घरों की बिक्री कुल बिक्री में घटकर 18 प्रतिशत रह गई है। यह पांच वर्ष पहले समान अवधि में 40 प्रतिशत पर थी।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें फिर रद्द, रविवार तक हालात हो सकते हैं सामान्य



**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया। अब धीरे-धीरे हालात सामन्य हो रहे हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल की कमी के कारण शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द कर दीं और हालांकि अधिकारियो को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को मुआवजा देने से करीब 30 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। मंगलवार रात से चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द की गईं और यह गुरुवार को रद्द हुई 100 उड़ानों से कम हैं। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या करीब 45 से 50 रह सकती है।

## राशिफल

**मेष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन अशान्त हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क:** बातचीत में संयत रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**कन्या:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान दें।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी संयत रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा।

**मीन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं।

## चुटकुले

लड़की- आज मेरे भाई ने मुझे तुम्हारे साथ बाईक पर देख लिया.
लड़का- ओ तेरी, तो फिर क्या हुआ बाद में..
लड़की- फिर क्या बस का किराया वापिस ले लिया फैमिली बहुत डेंजर है मेरी।

---

पति-पत्नी की लड़ाई हो गई...दिनभर चुपचाप रहने के बाद
पत्नी पति के पास आकर बोली- इस तरह झगड़ा करने के बाद अच्छा नहीं लग रहा,
एक काम करते हैं, थोड़ा तुम समझौता करो, थोड़ा मैं करती हूं.
पति- ठीक है, क्या करना है?
पत्नी- तुम मुझसे माफी मांग लो और मैं आपको माफ कर देती हूं।

---

लड़की से लड़का बोला-
डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है.
पीछे से एक बूढ़ा बोला
हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मानव भ्रूण गर्भधारण के तीन महीनों के भीतर उंगलियों के निशान प्राप्त करता हैं।
- एक मनुष्य का कंकाल हर 10 साल में खुद को पूरी तरह से नवीनीकृत कर लेता है।
- सभी मनुष्य में एक अलग गंध अलग फिंगर प्रिंट और अलग टंग प्रिंट होते हैं।
- मानव जीवनकाल में 25,000 क्वार्टर लार का उत्पादन करता है। जो दो स्विमिंग पूलों को भरने के लिए पर्याप्त है।
- शरीर के भीतर रक्त परिभ्रमण (blood circulation) में लगभग 23 सेकेण्ड का समय लगता है।
- महिलाओं के दिल पुरुषों की तुलना में कमजोर होते हैं।
- मानव में त्वचा बनाने वाली कोशिकाएं ठीक उसी प्रकार की होती हैं जैसी की मानव के मुंह में होती हैं।
- 60 की उम्र तक, अधिकांश लोग अपनी लगभग आधी स्वाद कलिकाएं खो देते हैं।
- आपके थूक में आपका पूरा आनुवंशिक ब्लूप्रिंट होता है।
- कोशिकाओं तक आक्सीजन पहुंचाने का काम हेमोग्लोविन (haemoglobin) करता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# अपनी तरह की पहली हाइब्रिड क्रिकेट पिच धर्मशाला के रास्ते भारत में आई



**धर्मशाला।** इस सहस्राब्दी की शुरूआत के बाद से, क्रिकेट में नवप्रवर्तन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है - चाहे वह ज़िंग बेल्स, स्पाइडर कैम, क्रिकेट बैट सेंसर या हॉक आई तकनीक के माध्यम से हो। पिचों के संदर्भ में, टीमों को यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि वे खेल के बारे में कैसे आगे बढ़ें, ड्रॉप-इन विकेटों का समावेश हुआ है। लेकिन 2017 में इंग्लैंड में क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में हाइब्रिड पिचों को शामिल करने से कई दर्शकों का ध्यान आकर्षित हुआ। यूके स्थित सिंथेटिक टर्फ निर्माण कंपनी एसआईएसग्रास, जो न केवल क्रिकेट, बल्कि फुटबॉल, रग्बी और हॉकी में भी हाइब्रिड पिचों में माहिर है, अब भारत में अपनी तरह का यह पहला नवाचार लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के साथ साझेदारी में, एसआईएसग्रास की यूनिवर्सल मशीन ने सुरम्य स्थल के मुख्य स्क्वायर और अभ्यास क्षेत्र में प्रत्येक पर दो हाइब्रिड पिचें स्थापित की हैं। आईएएनएस के साथ एक गहन बातचीत में, इंग्लैंड के पूर्व पुरुष क्रिकेटर पॉल टेलर, जो वर्तमान में एसआईएसग्रास में अंतर्राष्ट्रीय बिक्री निदेशक, क्रिकेट के रूप में कार्यरत हैं, ने हाइब्रिड पिच को नियमित क्रिकेट सतह से अलग करने के बारे में बात की। वास्तव में पिचें तीन अलग-अलग प्रकार की होती हैं। वहाँ एक पिच है जो कंक्रीट का आधार बनाती है। फिर वहाँ एक कृत्रिम कालीन के साथ मिट्टी की एक प्रोफाइल स्थापित की गई है, और इसमें कोई प्राकृतिक घास नहीं है। वे इसे हाइब्रिड क्रिकेट सतह कहते हैं क्योंकि आप इस पर क्रिकेट खेल सकते हैं। एक और है जिसे हम कालीन संकर कहते हैं, जहां आप 60 मिलीमीटर मिट्टी की शीर्ष किस्म को बाहर निकालते हैं। आप एक कालीन बिछाते हैं जिसमें 60-मिलीमीटर लंबा ढेर होता है। आप मिट्टी और बीज को वापस डालते हैं, उस ऊपरी सतह पर बीज उगाते हैं, और फिर उस पर क्रिकेट खेलते हैं। वह भी एक हाइब्रिड क्रिकेट सतह है। हम जो करते हैं वह मौजूदा पिच का उपयोग करते हैं। इसलिए हम कुछ भी खोदकर नहीं निकालते। हम सिर्फ कृत्रिम रेशों को प्राकृतिक सतह में इंजेक्ट करते हैं। इसे पिच की पूरी चौड़ाई और लंबाई में 20 मिलीमीटर ७ 20 मिलीमीटर मैट्रिक्स पर सिला गया है। हम स्टंप लाइन से भी आगे बढ़ते हैं, ताकि जहां गेंदबाज गेंदबाजी करने से पहले अपने पिछले पैर से उतरें, वह भी एक हाइब्रिड सतह हो क्योंकि यह एक उच्च घिसाव वाला क्षेत्र है। टेलर हाइब्रिड क्रिकेट पिचों के फायदों को स्पष्ट रूप से समझा रहे थे, एक ऐसा शब्द जिसके बारे में वह मानते हैं कि यह कई बार काफी भ्रमित करने वाला हो सकता है। इस प्रणाली के लाभों में से एक यह है कि यह उच्च घिसाव वाले क्षेत्रों की काफी अच्छी तरह से रक्षा करता है।

# 'टीम की सफलता में योगदान देने से बहुत संतुष्टि मिली': हरियाणा की फॉरवर्ड शशि खासा



**रांची।** अपने सात मैचों में निर्धारित समय में चार जीत और शूटआउट में दो जीत के साथ, हरियाणा 16 अंकों के साथ राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) में तालिका में शीर्ष पर रहा। लीग का समापन गुरुवार रात यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई 15 वर्षीय फॉरवर्ड शशि खासा ने, जिन्होंने तीन फील्ड गोल किए और दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। उनके योगदान ने यह सुनिश्चित किया कि वह टूर्नामेंट के अग्रणी गोल-स्कोररों में से एक रहीं। हरियाणा के हिसार की रहने वाली शशि को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरणा के लिए बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने अपने दो बड़े भाइयों अमित खासा और रविंदर खासा, जो कि दो राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी हैं, को हॉकी स्टिक चलाते हुए देखा और उनके साथ शामिल होने का फैसला किया। शशि ने कहा, मैं अपने भाइयों को बाहर जाते और एक साथ खेलते हुए देखती थी। यह बहुत मजेदार लग रहा था इसलिए मैंने उनके साथ खेल खेलने का फैसला किया। जब मैं छह साल की थी, तब यह सब इसी तरह शुरू हुआ।" शशि ने 2021 में हॉकी इंडिया सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के साथ-साथ इस साल की शुरूआत में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। हालाँकि, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 निस्संदेह उनके युवा उभरते करियर का सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट रहा है। दो प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कारों के साथ, तेज-तर्रार फॉरवर्ड ने सुनिश्चित किया कि हर कोई उसके प्रदर्शन पर ध्यान दे। टूर्नामेंट में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, युवा खिलाड़ी ने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले मैं थोड़ा घबराई हुई थी, लेकिन मैदान में उतरने के बाद सब कुछ दूर हो गया। हां, मैंने पांच गोल किए लेकिन यह तभी मायने रखता है जब इससे फायदा हो। यदि टीम को मैच जीतने में मदद नहीं मिलती है तो बहुत सारे गोल करने का कोई मतलब नहीं होगा। उन्होंने कहा, यह एक जबरदस्त टीम प्रयास रहा है और हमें सामूहिक रूप से इसका फल मिला है। टीम की सफलता में योगदान देने से मुझे बहुत संतुष्टि मिली। टूर्नामेंट के पहले चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त करना एक अद्भुत एहसास है। ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना इस खेल को अपनाने वाले लाखों बच्चों का लक्ष्य है और शशि भी अलग नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं सबसे बड़े मंच, ओलंपिक में भारत के लिए खेलना चाहती हूं। यह कुछ ऐसा है जिसका मैंने लंबे समय से सपना देखा है और मुझे उम्मीद है कि एक दिन मैं इसे हकीकत में बदलूंगी। शशि ने निष्कर्ष निकाला, फिलहाल, मैं अपने खेल पर काम करना जारी रखूंगी, हर दिन, हर प्रशिक्षण सत्र और हर मैच में बेहतर बनने की कोशिश करूंगी और संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनूंगी।

# अक्षय तृतीया पर शारदा ज्वैलर्स में हुई जमकर सोने-चांदी की खरीदारी







**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर बाजार में जमकर सोने-चांदी की खरीदारी हुई। इस दिन लोग सोना-चांदी, वाहनों के साथ अन्य चीजें खरीदना बेहद शुभ मानते हैं। इस दिन सोना चांदी को खरीदने के लिए बाजार में जमकर ग्राहक नजर आए। अन्य दिनों के मुकाबले सोने की ज्वैलरी खरीदने वाले बड़ी सख्या में नजर आए। व्यापारियों ने ग्राहकों को देखते हुए उनके पसंदीदा सोने-चांदी के कलेक्शन रखे हुए थे। हसुली, कड़े, पैंडिल, पायल, झुमके, हार और कंगन आदि की लेटेस्ट डिजाइन लोगों को काफी पसंद आ रही थी। इसके साथ ही लोगों ने चांदी के आभूषण भी खरीदे।

हिंडन पार सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा शारदा ज्वैलर्स मोहननगर के मालिक नकुल वर्मा ने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया पर हल्की तथा छोटी ज्वैलरी जैसे कि अंगूठी, टॉप्स आदि की डिमांड ज्यादा रही, लेकिन लोगों ने भरपूर खरीदारी की। गर्मी के मौसम में भी लोगों ने पर्व पर जमकर खरीदारी की और शुभ मुहूर्त का लाभ उठाया।

# बजरंग ने दोहराया कि नाडा उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था और यह नाडा ही था जो डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने के उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित परीक्षणों के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अपने अंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्टों के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी ₹अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया₹ और नाडा अधिकारियों से उस समाप्त हो चुकी किट के बारे में प्रतिक्रिया मांगी जो उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजी थी। फ्रीस्टाइल पहलवान, जो 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हैं, ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में अपना रुख दोहराया, और कहा कि नाडा ने उनके किसी भी संचार का जवाब नहीं दिया, एक एक्सपायर टेस्ट किट भेजने पर स्पष्टीकरण की मांग की, यह कहते हुए कि उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया कि वह उनसे ऐसा स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर अपना नमूना देंगे। यह स्पष्ट करना है कि, मैंने किसी भी स्तर पर डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें केवल यह याद दिलाया कि पिछली दो बार वे मेरा नमूना लेने आए थे। नमूना, उन्हें एक बार एक्सपायर हो चुकी किट मिल गई थी और दूसरी बार, उन्होंने तीन परीक्षण किटों के विपरीत एक एकल परीक्षण किट के साथ मुझसे संपर्क किया था। फिर मैंने उनसे जवाब मांगा क्योंकि नाडा ने स्पष्टीकरण मांगने वाले मेरे किसी भी संचार का जवाब नहीं दिया और उन्हें सूचित किया कि मैं उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने पर अपना नमूना दूंगा। इतना ही नहीं डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने भी ऐसा नहीं किया। स्पष्टीकरण देने से इंकार कर दिया, उन्होंने मुझे उचित उपकरण ले जाने के इस उदाहरण पर कोई सबूत नहीं दिया और केवल उस स्थान से चले गए जहां मैं था, यह दावा करते हुए कि यह मेरी ओर से इनकार था। मैं आयोजन स्थल पर ही रहा क्योंकि मेरी 3/4 पोजीशन के लिए एक और बाउट निर्धारित थी। अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बाद, मैं कुश्ती ट्रायल के सेमीफाइनल के दौरान घुटने की चोट के इलाज के लिए आयोजन स्थल पर साई डॉक्टर से मिला। कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों के मुझसे संपर्क करने के लगभग एक घंटे बाद ही मैंने कार्यक्रम स्थल छोड़ दिया, इसके विपरीत यह दिखाया गया कि मैं तुरंत वहां से चला गया।

# 11 मई से भोपाल में शुरू होंगे ओलंपिक चयन ट्रायल 3 और 4 राइफल/पिस्टल




**नई दिल्ली।** 37 चयनित राइफल और पिस्टल निशानेबाज आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय शूटिंग टीम में जगह बनाने के लिए अपनी खोज फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं, जब वे भोपाल में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 राइफल/पिस्टल में निशाना साधेंगे।

प्रतियोगिताएं शनिवार को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी3 क्वालिफिकेशन राउंड के साथ शुरू होंगी।

आठ ओलंपिक राइफल और पिस्टल व्यक्तिगत स्पधाओं में कुल 16 मैच नौ दिनों तक आयोजित किए जाएंगे, जो 19 मई को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल के साथ समाप्त होंगे। दोनों प्रतियोगिताओं के फाइनल क्वालीफिकेशन के एक दिन बाद फाइनल होने के पेरिस ओलंपिक कार्यक्रम के अनुसार रविवार को रखे गए हैं।

ओएसटी 1 और 2 पिछले महीने दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किए गए थे। प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज, चार में से तीन ट्रायल के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के औसत के आधार पर, जुलाई में पेरिस की उड़ान में सवार होने के लिए पोल पोजीशन पर होंगे।

प्रत्येक स्पर्धा में चुने गए पांच में से किसी भी निशानेबाज ने अभी तक अपना स्थान पक्का नहीं किया है और सभी 37 को अपना पेरिस स्थान सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

केवल तीन निशानेबाज, ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान कई स्पधाओं, अर्थात महिला स्पोर्ट पिस्टल और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल, में प्रतिस्पर्धा में हैं।

पुरुषों के आरएफपी में पसंदीदा खिलाड़ियों में अनीश भनवाला और विजयवीर सिद्धू हैं, जिन्हें न केवल कोटा विजेता होने का फायदा मिला है, बल्कि उन्होंने पहले दो ट्रायल में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल में मनु भाकर और ईशा सिंह पहले दो ट्रायल के आधार पर बढ़त बनाए हुए हैं।

ट्रायल में काफी स्थानीय रुचि है क्योंकि पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में क्रमशः ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे ने ओलंपिक स्थान के लिए अपनी लड़ाई को नवीनीकृत किया है। आशी वर्तमान में पांच के पैक का नेतृत्व करती है और डीम्ड कोटा धारक होने के लिए बोनस अंक की पेशकश के साथ और दिल्ली में अतिरिक्त पोडियम अंक प्राप्त करने के बाद, वह ओलंपिक में जगह बनाने के लिए पसंदीदा दिखती है।

# रोहित को नारायण से संभल कर रहना होगा: प्रीव्यू



**कोलकाता।** कोलकाता के ईडन गार्डंस में आईपीएल 2024 अंक तालिका की शीर्ष टीम कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना लीग से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस से होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में मुंबई की टीम 23-10 से आगे है, वहीं कोलकाता में हुए 10 मुकाबलों में भी मुंबई की टीम 7-3 से बढ़त बनाए हुए है। हालांकि पिछले पांच मुकाबलों में कोलकाता की टीम 4-1 से आगे है। पिछले सप्ताह जब दोनों टीमें मुंबई में एक-दूसरे से भिड़ी थीं तो मिचेल स्टार्क के चार विकेट की मदद से कोलकाता ने 24 रनों की आसान जीत दर्ज की थी।

## क्या रोहित शर्मा का फॉर्म वापस आ पाएगा?

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शतक लगाने के बाद रोहित शर्मा ने पिछली छह पारियों में 36(25), 6(5), 8(8), 4(5), 11(12) और 4(5) का स्कोर किया है। कोलकाता के खिलाफ भी उनकी फॉर्म वापसी पर संकट है क्योंकि सुनील नारायण उन्हें विश्व रिकॉर्ड 10 टी20 पारियों में पवेलियन भेज चुके हैं, जबकि रोहित उन पर सिर्फ. 18.7 की औसत और 108 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। हालांकि आंद्रे रसल और मिचेल स्टार्क के खिलाफ रोहित का स्ट्राइक रेट क्रमशः 165.5 और 150 का है, जबकि स्टार्क ही उन्हें सिर्फ. एक बार आउट कर पाए हैं। रोहित, वरूण चक्रवर्ती के खिलाफ भी 118.9 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि चक्रवर्ती, रोहित को चार पारियों में एक बार भी आउट नहीं कर पाए हैं।

## ईडन गार्डस पर हो सकती है छक्कों की बरसात

इस आईपीएल में अब तक 1038 छक्के लग चुके हैं और कोलकाता में इसकी संख्या में बड़ा इजाफा हो सकता है। 2022 से ईडन गार्डंस में डेथ ओवरों (16-20) में लगभग हर 8.2 गेंदों पर छक्का लगता है और टिम डेविड, रिंकू सिंह और आंद्रे रसल जैसे डेथ बल्लेबाजो को देखते हुए इस मैच में भी छक्कों की बरसात हो सकती है।

## सुनील नारायण और आंद्रे रसल की कैरेबियन जोड़ी को कौन रोकेगा?

नारायण और रसल की कैरेबियन जोड़ी ने इस साल गेंद और बल्ले दोनों से कोलकाता के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनका यह फॉर्म बरकरार भी रह सकता है। नारायण मुंबई के सबसे प्रमुख गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर सिर्फ. 38.5 के स्ट्राइक रेट और पांच की औसत से रन बना पाए हैं, जबकि पांच पारियों में बुमराह ने नारायण को एक बार आउट भी किया है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी नारायण को दो पारियों में एक बार आउट किया है, हालांकि नारायण उन पर 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।
वहीं अगर रसल की बात करें तो बुमराह ने उन्हें भी 11 मैचों की तीन पारियों में आउट किया है, जबकि रसल उन पर सिर्फ. 129.4 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। हालांकि पांड्या के खिलाफ रसल की औसत 45 और स्ट्राइक रेट 187.5 तक बढ़ जाती है, जबकि पांड्या, रसल को पांच पारियों में सिर्फ. एक बार ही आउट कर पाए हैं। ऐसे में हो सकता है कि मुंबई बुमराह का ओवर रसल के लिए बचाकर रखे। गेंदबाजी में रसल मुंबई के सबसे प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को तीन टी20 पारियों में आउट कर चुके हैं, जबकि सूर्यकुमार उन पर 196 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। रसल, हार्दिक को भी छह में से दो पारियों में आउट कर चुके हैं।

# 'भारत की खातिर, आप चाहेंगे कि कोहली का फॉर्म टी20 विश्व कप में भी जारी रहे': कुंबले



**धर्मशाला।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की और उम्मीद जताई कि यह स्टार भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप में भी अपना शानदार आईपीएल फॉर्म जारी रखेगा। कोहली की 47 गेंदों में 92 रन की शानदार पारी और उसके बाद सामूहिक गेंदबाजी प्रयास से आरसीबी ने पीबीकेएस पर 60 रन से जीत दर्ज की, जो लगातार छह गेम हारने के बाद आईपीएल 2024 में उनकी पांचवीं जीत है। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241/7 का स्कोर बनाया और फिर पंजाब को 181 रन पर आउट कर लगातार चौथी जीत हासिल की। कोहली ने अपनी पारी में 195.74 के स्ट्राइक-रेट से सात चौके और छह छक्के लगाए, जिससे उन्होंने आईपीएल 2024 में 600 रन के आंकड़े को भी पार कर लिया। कुंबले ने जियोसिनेमा से कहा, ₹वह शानदार फॉर्म में हैं। उन्हें इस आईपीएल में ब्रेक मिला था और तब से, वह उत्कृष्टता की खोज में लगातार लगे हुए हैं। आप इसे देख सकते हैं। वह 634 रनों के साथ स्कोरिंग तालिका में शीर्ष पर हैं, और मुझे यकीन है आरसीबी के लिए, आप चाहेंगे कि वह अगले दो मैच जीतें और उम्मीद करें कि क्वालीफाई करें, लेकिन भारत के लिए, आप चाहेंगे कि उनका फॉर्म विश्व कप में भी जारी रहे। कुंबले ने रजत पाटीदार की भी प्रशंसा की, जिन्होंने 55 रन बनाए, जो सीजन का उनका चौथा अर्धशतक था, और तीसरे विकेट की साझेदारी के लिए 32 गेंदों में 76 रन जोड़कर शुरूआती गिरावट के बाद कोहली का समर्थन किया। पाटीदार ने राहुल चाहर के पहले ओवर में तीन छक्के लगाकर स्पिनरों के खिलाफ आक्रमण तेज कर दिया और जब जॉनी बेयरस्टो को कैच पर प्रतिक्रिया देने में देर हो गई तो उन्हें एक और जीवनदान मिला। उन्होंने 21 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया जब उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की गेंद पर कीपर को कैच देने से पहले सैम करेन को शॉर्ट फाइन लेग पर छह रन के लिए मारा। वह अब एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। आरसीबी के लिए यह महत्वपूर्ण था कि मध्य क्रम सफल हो क्योंकि वह अकेले विराट कोहली थे और फिर, फाफ डु प्लेसिस आए और पावरप्ले में पारी के शीर्ष पर कुछ रन बनाए। उन्हें किसी ठोस जोड़ीदार की जरूरत थी। पाटीदार वास्तव में उनके लिए ठोस रहे हैं। वह स्ट्राइक रेट, अंदर आना और खेल को विपक्षी खेमे से बाहर ले जाना, यह हमने पिछले तीन या चार मैचों में देखा है। कुंबले ने कहा, वह असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मुझे लगता है कि विराट कोहली के साथ उनकी साझेदारी ने उन्हें 240 रन पर पहुंचने के लिए प्रोत्साहन और मंच दिया।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर शेन वॉटसन कोहली के हरफनमौला प्रयास और अन्य बल्लेबाजों को उनके आसपास स्कोर बनाने में मदद करने से काफी प्रभावित हुए। कोहली ने डीप मिडविकेट से खतरनाक दिख रहे शशांक सिंह को आउट करने के लिए सीधे हिट से शानदार रनआउट किया, जो कंधे की चोट के बाद 19 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हो गए।

# नगर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया







**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महायज्ञ में 3100 आहुतियां देकर की गई राष्ट्र की उन्नति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की कामना। नगर के पाइपलाइन मार्ग स्थित गांव सरना में प. मदनमोहन मालवीय पब्लिक स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महायज्ञ में 3100 आहुतियां देकर प्राणिमात्र के कल्याण, राष्ट्र की उन्नति तथा विश्वशांति की कामना की गई। इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। सहयोग के लिए थाना मुरादनगर, चामुंडा चौकी, चुंगी नंबर 3 पुलिस चौकी प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प. विनोद मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष अ. भा. परशुराम सेवादल ने सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यकम की अध्यक्षता पं. विद्यासागर शर्मा ने की तथा संचालन पं. यतीदेव शर्मा महामंत्री एवं पं. सोमदत्त शर्मा महामंत्री ने किया। नगर अध्यक्ष पं. प्रमोद कौशिक ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विजय गोड एडवोकेट, नरेन्द्र शर्मा (निंदो) पूर्व सभासद, बोबी पंडित, प्रवीण शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दीपक शर्मा मेंबर, आशीष कौशिक, पंकज शर्मा राष्ट्रीय सचिव, ओमकार दत्त शर्मा, दुर्गेश शर्मा ब्रांड एंबेसडर नगरपालिका परिषद, मीनम कौशिक, ओमपाल शर्मा, महेंद्र एडवोकेट, प्रेमचन्द शास्त्री, अनिल शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा मोरटा, संदीप शर्मा बी डी सी, तरुण शर्मा, सचिन शर्मा युवा इकाई अध्यक्ष, मनोज शर्मा, सौरभ पंडित, वार्ड नंबर 8 की महिला सभासद यश शर्मा, राजकुमार शर्मा, मनोज शास्त्री, अनुभव शर्मा, महेश गर्ग, कुलदीप त्यागी समाजसेवी वार्ड नंबर 13, नीरज त्यागी पूर्व प्रधान, अनुराग शर्मा आदि ने यज्ञ में आहुति दी तथा अपने विचार रखे। कार्यक्रम संपूर्ण होने पर सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

सड़कों पर पानी का छिड़काव, दिल्ली से बेहतर गाजियाबाद की इंडेक्स वैल्यू 132 पर

# वायु गुणवत्ता सुधार के लिए निगम ने छेड़ी मुहिम, स्मोक गन मशीन तथा वॉटर स्प्रिंकलर का बढ़ाया क्रम






**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए हुए, वृहद स्तर पर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य कर रहे हैं। वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य उपकरणों के माध्यम से तेजी से चल रहा है, वॉटर स्प्रिंकलर मशीन तथा अंतिम स्मोक गन मशीन के माध्यम से पूरे शहर में पानी का छिड़काव कराया जा रहा है जिस कारण से वायु की गुणवत्ता में सुधार हो। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद का एयर क्वालिटी दिल्ली की एयर क्वालिटी से वर्तमान में बेहतर है। इसी क्रम में गाजियाबाद की हवा को शुद्ध करने का प्रयास गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है जिसमें उपकरणों के माध्यम से सड़कों को धूलमुक्त भी किया जा रहा है तथा पानी का छिड़काव भी वृहद स्तर पर कराया जा रहा है जिस कारण से वायु की गुणवत्ता में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। जोनवार अधिकारी कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जलकल विभाग से महाप्रबंधक जल के नेतृत्व में शहर में लगी सभी मूर्तियों को भी पानी से साफ किया जा रहा है, पेड़ पौधों की सिंचाई भी दिन में 2 से 3 बार कराई



जा रही है, सड़क पर पानी का छिड़काव भी लगातार किया जा रहा है, लगभग तीन से चार बार एक सड़क पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।विदित हो कि एयर क्वालिटी इंडेक्स वैल्यू दिल्ली की 178 है जबकि गाजियाबाद की एयर क्वालिटी इंडेक्स वैल्यू 132 पर दिख रही है।

उजागर फाउंडेशन की शिकायत पर लिया संज्ञान

# नगर निगम निजी वाहनों को व्यवसायिक उपयोग में न लाये: परिवहन विभाग

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** उजागर फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने संभागीय परिवहन अधिकारी से मुलाकात कर नगर निगम में निजी वाहनों को व्यवसायिक उपयोग में लाए जाने के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उजागर फाउंडेशन से प्राप्त शिकायत के आधार पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने नगर आयुक्त के नाम सम्बोधित पत्र में निजी वाहन को व्यवसायिक उपयोग में लाए जाना, केंद्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 प्राविधानों का उलंघन तथा वाहन स्वामी द्वारा शासकीय राजस्व को क्षति





पहुचाना बताया है। नगर आयुक्त को भेजे पत्र में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने उपरोक्त वाहनों का अनुबंध तत्काल समाप्त करने का अनुरोध किया है। इसके बाद भी ऐसे वाहनों का संचालन पाए जाने पर नियमानुसार उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत देय कर का निर्धारण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पार्षदों को सिम कार्ड देना फिजूलखर्ची है: रुकसाना सैफी

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** वार्ड-95,जस्सीपुरा की पार्षद रुकसाना सैफी ने महापौर एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि नगर निगम ने सभी पार्षदों को जो सिम कार्ड दिये हैं वह सौ फीसदी फिजूलखर्ची है। रुकसाना सैफी ने कहा है कि सभी पार्षदों के पास अपने सिम कार्ड और अपने अपने मोबाइल फोन हैं फिर इन्हें सिम कार्ड दमने की क्या जरूरत है। पार्षद रुकसाना ने सिम कार्ड वापस करते हुए कहा है कि सिम कार्ड की राशि से निगम की अन्यसमस्याओं का समाधान किया जा सकता है।




## उठा रही है आवाज एक लॉबी कि आनंद को मिलेगी नही बगंले की चाबी

ये जिला ही ऐसा है कि यहां चीजे एडवांस में होती हैं। कोई विधानसभा का चुनाव जीता ही था कि किसी ने लखनऊ में डेरा डाल लिया था। विधायक जी का निवास कौन सा होगा उसकी चाबी भगवा सिघंल ले रहे थे। मंत्री बने तो वो लखनऊ में तय करने लगे थे कि किससे मिलेगें और किससे नही मिलेगें। बहरहाल चाबी को लेकर बात चली तो जिक्र उस लॉबी का चल गया जिसने भगवा गलियारों में ये आवाज उठा दी है कि कुछ भी कर लो अब बगंले की चाबी तो आनंद को नही ही मिलेगी। कहने वाले ने कह दिया कि उनके साथ कुछ ऐसा रहा है कि लोकसभा वालो से नजदीकी उन्हे रास नही आई हैं। याद दिलाने वालों ने याद दिला दिया कि वो तो गुरू जी से भी तब उलझ गये थे जब गुरू जी लोकसभा में थे। अब फिर से उलझने की सीन हो सकता है बताने वाले बता रहे है कि भुगतान फुल को लेकर फूल वालों से ही तनातनी वाला सीन भी हो सकता है

## चपरासी बोला हमारे साहब को सब पता है कि तुम कितने ईमानदार हो

महकमें के साहब ने कह दिया कि मुझे कुछ नही चाहिये। महकमें वाले बता रहे है कि साहब सही में ईमानदार है और उनकी कुर्सी तो ऐसे मानो जैसे विक्रमादित्य का सिंहासन। सामने वाला विपक्ष का हो या किसी का भी शासन वो कुर्सी पर बैठकर न्याय कर रहे हैं। साहब की तारीफ हो रही थी तो वार्ड वाले से ज्यादा नही सुना गया। उसने कहा कि सब बाहर से ऐसे ही दिखाई देते हैं। महकमें के चपरासी ने जो कहा वो सुनने लायक था और उसने कहा कि बाहर की छोड़ो और साहब तो तुम्हारे अदंर की भी जानते हैं। साहब को तो तुम में से एक एक का पता ह कि तुम सब कितने ईमानदार हो।

## महावतो को पता ही नही कि उनका चुनावी हाथी लापता है

मतदान के बाद से ही अनुमान का काम चल रहा है। चुनावी एक्सपर्ट जेब में पर्चा लिये फिर रहे हैं कि किसने किसे वोट दिया है। मुस्लिम इधर गया है और दलित उधर गया है का कैलकुलेशन लगा लिया है। हाथ वाले अनुमान लगा रहे हैं लेकिन हाथी वालों ने साईलेंट मोड पर खुद को कर लिया है। नीले खेमे के ही पुराने मिशनरी ने कहा कि ये महावत बेचारे क्या बतायेगें क्योंकि उन्हे तो ये भी पता नही होता कि जिस हाथी को लेकर उन्हे क्षेत्र में जाना है वो हाथी जी कहां से आयेगें। मिशनरी ने कहा कि अब देख लो महावतो को तो पता ही नही है कि उनका चुनावी हाथी मतदान के बाद कहां लापता है।

## ट्रेन की चपेट में आए युवक की हुई शिनाख्त

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में गंगनहर रेलवे पुल पर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आए मृतकों की शिनाख्त पुराना विजयनगर गाजियाबाद के रुप में हुई है। मृतक अपने चार दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गाजियाबाद पैदल ही रेलवे ट्रैक से ही आए थे। नहाने से पहले ही वह ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद दोस्त मौके से फरार हो गए। बता दे कि मुरादनगर रेलवे स्टेशन से चार सौ मीटर आगे गंगनहर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार शाम को गाजियाबाद से मेरठ की और जा रहे एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक का शव नहर में गिर गया था। जिसकी तलाश में गोताखोर लगे हुए है। लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतकों की शिनाख्त गाजियाबाद के पुराना विजयनगर निवासी अशोक कुमार का 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार व दीपक शर्मा का 14 वर्षीय पुत्र बरी शर्मा के रुप में हुई है।

# राष्ट्रीय ब्रह्मऋषि परिषद द्वारा हर्षोल्लास से मनायी गयी भगवान परशुराम जयन्ती

**गाज़ियाबाद,करंट क्राइम।** त्यागी भूमिहार समाज के मुख्य संगठन राष्ट्रीय ब्रह्मऋषि परिषद के तत्वाधान में भगवान परशुराम की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। राज्य परिवहन निगम बस डिपो के मोहन नगर स्थित प्रांगण में पूजा अर्चना के उपरांत एक विशाल भंडारे का भी आयोजन राष्ट्रीय ब्रह्मऋषि परिषद द्वारा किया गया। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए राष्ट्रीय ब्रह्मऋषि पारिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल त्यागी नारंगपुर ने कहा कि हिन्दू पंचांग के अनुसार भगवान परशुराम की पावन जयन्ती बैसाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनायी जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन किये गए किसी भी पुनीत कार्य का पुण्य फल कभी कम नहीं होता है, अक्षय तृतीया से त्रेता युग का आरम्भ माना जाता है इसलिये इस दिन का विशेष महत्व होता है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अंकुल त्यागी ने कहा कि हमारे हिन्दू धर्म में यह भी मान्यता है कि परशुराम त्रेता से लेकर



द्वापर से अमर हैं त्रेता युग में रामायण व द्वापर युग में महाभारत में परशुराम की अहम भूमिका रही। रामायण में सीता स्वयंवर में राम द्वारा भगवान शिव का धनुष तोड़ने पर भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधित हुए थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अंकुल त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चेतन त्यागी, प्रधान महासचिव संदीप त्यागी नारंगपुर, सुजाता शर्मा, राष्ट्रीय सचिव आदित्य त्यागी, विकास त्यागी, कुलदीप त्यागी, अधिवक्ता मनोज त्यागी, प्रदीप त्यागी, पुरुषोत्तम त्यागी, कुलभूषण त्यागी, नितिन त्यागी, राकेश त्यागी, योगेश त्यागी, अभिषेक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# आईएमएस ने किया दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद में दो दिवसीय पांचवे अतराष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में किया गया। जिसका विषय बिल्डिंग ग्लोबल कॉम्पिटिटिवेनेस थ्रू इनोवेशन इंटिग्रिटी एंड इन्क्लूजन इन आत्मनिर्भर भारत रखा गया। ये सम्मलेन सीए डॉ. राकेश छारिया महासचिव आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की अध्यक्षता एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।



सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. भारत भास्कर निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में चित्तरंजन त्रिपाठीनिदेशक, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली, डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर सीओओ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, दिल्ली, डॉ. नितिन कुमार उपनिदेशक, अनुसन्धान आईसीएसएसआर नई दिल्ली एवं सौरभ अग्रवाल हेड, स्ट्रेटजी टीसीएस, नोएडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मलेन में देश विदेश से मैनेजमेंट, पत्रकारिता, कंप्यूटर साइंस, एंटरप्रेन्योप्रशिप एंड इनोवेशन, एवं साइंस क्षेत्र में शोधपत्रों को आमंत्रित किया गया। सम्मलेन में देश विदेश से लगभग 300 से अधिक शोधार्थियों द्वारा अपने शोधपत्र भेज रजिस्ट्रशन कराया गया। 150 से अधिक शोधपत्रों को प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा सस्टेनेबल एंड इनोवेटिव सोलूशन्स के बारे में बताते हुए इसकी महत्ता एवं विशेषता को समझाया,





साथ ही कहा कि हमें अपनी संस्कृति एवं वेदों को समझना चाहिए और आत्मनिर्भर बनने के बारे में बताया। सम्मलेन के दूसरे दिन समापन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि डॉ. मनोज चौधरी कुलपति, गतिशक्ति विश्वविद्यालय वड़ोदरा एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ. नागेंद्र कौशिक प्रोफेसर एवं उपनिदेशक, क्वांगवून विश्वविद्यालय, साउथ कोरिया रहेंगे। प्रत्येक ट्रैक के बेस्ट पेपर प्रस्तुतकर्ता को स्मृति चिह्न एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मलेन का संचालन डॉ. उमेश कुमार एवं प्रो. कोमल कपूर द्वारा किया गया।

## युवक से ठगे 90 हजार रुपए ,रिपोर्ट दर्ज




मुरादनगर( करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र की न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी एक युवक से व्हाटसअप चैट करके खाते से 90 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नगर की न्यू डिफेस कॉलोनी निवासी अनुराधा चौधरी ने बताया कि मेरे पुत्र द्रव्यराज के साथ व्हाटसअप पर चैट करके उससे 90 हजार रुपए ठग लिए गए। अब उत्त व्हाटसअप नम्बर बंद आ रहा है। इसके बाद अपने साथ हुए ठगी का एहसास हुआ है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## किस टू-स्टार के लिए मंगल रहेगा फुल एनकाउंटर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार तड़के हुए फुल एनकाउंटर के बाद कमिश्नरेट में चर्चा हो रही है कि यह फुल एनकाउंटर किस टू-स्टार के लिए मंगल रहेगा। सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे एनकाउंटर में चार टू-स्टार शामिल हैं। वर्तमान में एक टू-स्टार थानाध्यक्ष है, जो फुल एनकाउंटर वाली टीम का मुख्य हिस्सा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के पुराने आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां फुल एनकाउंटर करने वालों को तोहफा मिलता है। वर्तमान में नदियापार में एक थाने



के एसओ फुल एनकाउंटर करने के बाद चार्ज पर चल रहे हैं। तो कई हाफ एनकाउंटर में आगे बढ़कर आने वाले चौकी के प्रभारी अब थानों पर जमे हुए हैं। देखना होगा कि इस फुल एनकाउंटर में शामिल किस टू-स्टार को पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में गिफ्ट मिलता है और किसको साइड लाइन किया जाता है। इस फुल एनकाउंटर के बाद बड़ी चर्चा जोरों पर है कि सिटी के एक थाने में एक टू-स्टार को सेट किया जा सकता है। वैसे इस फुल एनकाउंटर में देहात वाले की तरह कोई भी आईपीएस शामिल नहीं है। उधर देहात वाले में तो एसीपी थे लेकिन इसमें वो भी दूरी बनाए हुए हैं। वही जिस तरीके से दोपहर में दूसरे नंबर वाले साहब की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इलाके वाले एसीपी नजर नहीं आए उसकी भी चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि पुलिस की अपनी थ्योरी है लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ से जो संदेश आया था उसका पालन करना ही था। वैसे भी शुक्रवार को यूपी वाले महाराज जी के कदम कमिश्नरेट की धरती पर भी कुछ देर के लिए पड़े थे, ऐसे में सवाल था कि पुलिस ने पहले ही निर्मम हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए बड़ा खुलासा कर डाला। वहींमीडिया सेल ने भी जो मीडिया प्रेस ब्रीफिंग इनफॉरमेशन भेजी थी उसको लेकर भी कंफ्यूजन वाली स्थिति थी। इसीलिए फाइनल नाम जारी नहीं किया गया था कि इलाके वाले साहब आएंगे कि कमिश्नरेट वाले दूसरे नंबर के साहब। कुल मिलाकर पुलिस ने हत्यारोपी को उसके ठिकाने पहुंचा दिया है। वही पीड़ित परिवार के जख्मों पर थोड़ा मरहम भी लगाया गया है। यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल पर शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सबसे ज्यादा टॉप पर था और कारण था ट्रांस हिंडन यानी नदिया पार में हुआ पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम का पहला फुल एनकाउंटर। वैसे इस फुल एनकाउंटर की गूंज जून में सुनाई देगी।

## बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन 13 मई को

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

बाबा हरदेव सिंह प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा ने एक पथ प्रदर्शक बनकर हर भक्त



NIRANKARI BABA HARDEV SINGH JI

का हाथ थामा ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम हैं।

# एबीईएस में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव उत्साह का शुभारम्भ






**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** एबीईएस में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव उत्साह का रंगारंग शुभारम्भ हुआ। महोत्सव का शुभारम्भ एबीईएस के अध्यक्ष नीरज गोयल, उपाध्यक्ष सचिन गोयल, महासचिव शाश्वत गोयल, सलाहकार रघुनंदन एवं अभय अग्रवाल द्वारा किया गया। तीन दिन तक चलने वाले इस खेल महोत्सव में विभिन्न संकाय के लगभग 800 विद्यार्थी भिन्न- भिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव के पहले दिन हुए विभिन्न खेलों में 100 मीटर स्प्रिंट में लोकनाथ बैनर्जी (आई.टी.), ऋतिक कुमार (एम.सी.ए.) एवं गौरव कुमार (सी.एस.) जीतकर अगले दौर में पहुंचे। वहीं अन्य मुकाबलों में इसीई बनाम एबीईएस बी.एस. के बीच हुए फुटबाल के क्वालीफायर मैच में इ.सी.ई. ने जीत हासिल की। सी.एस. बनाम एम.ई. ब्रांच के बीच हुए वॉलीबाल के क्वालीफायर मैच में सी.एस. ब्रांच एवं महिला बास्केटबाल मैच ने ए.आई.एम.एल. को विजेता घोषित किया वहीं तैराकी के पुरुष एकल की 50 मीटर रेस में पीयूष शर्मा एवं महिला एकल की 50 मीटर रेस में गिन्नी विश्वकर्मा ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. डी. के. शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को उच्च कोटि की खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में खेलने के लिए प्रेरित किया। दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें अश्वारोहण एवं मोटर साइकिल परेड आकर्षण का केन्द्र रहे। उद्घाटन के दौरान ए.बी.ई.एस. विजनेस स्कूल के निदेशक प्रो. अजय सिंह, डीन मोहित मिश्रा, खेल समन्वयक मानबेन्द्र साहा, प्रभात सिंह, डॉ. देवेन्द्र एडिकर, गौरव चौधरी, शिवांशु यादव, देवांश सिंह, श्रष्टि वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# वसुंधरा में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा ब्राह्मण परिवार उत्थान संस्था द्वारा अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की शोभायात्रा विभिन्न झांकियों, बैंड बाजे और आतिशबाजी के साथ निकाली गई। भगवान परशुराम को रथ पर विराजमान कर अग्रसेन चौक पर पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर जलपान की विभिन्न वर्गों द्वारा व्यवस्था की गयी।

भगवान परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण किया गया जो दिनभर लोगों की वंदना अर्चना और सेल्फी का केंद्र बना। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर बीके शर्मा ने इस अवसर पर सर्वसमाज को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और कहा कि भगवान



परशुराम का जन्म संसार के उद्धार और हर वर्ग की सुरक्षा के लिए हुआ। शोभायात्रा के पश्चात भगवान परशुराम चौक पर भंडारे की व्यवस्था की गई और प्रसाद वितरण किया गया। वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया 125 लोगो को पगढ़ी बांधी गई और यह कार्यक्रम भत्य कार्यक्रम रहा।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉक्टर बीके शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिरुद्ध वशिष्ठ, सुशील चतुर्वेदी, गिरीश शर्मा, वी के मिश्रा, वी एन मिश्रा, महासचिव अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, अरविंद शर्मा, विजय शर्मा, अवनीश शर्मा, पुनीत पीयूष भट्ट, अजय शर्मा, योगेश कौशिक, विपिन भारद्वाज,पवन मावी, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय, आशीष चौधरी, पार्षद नरेश भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।



## रूस के बयान के बाद बैकफुट पर अमेरिका

# गासेर्टी बोले- पन्नू मामले में भारत की जवाबदेही से संतुष्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गासेर्टी ने कहा है कि बाइडन प्रशासन, गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में भारत की जवाबदेही से संतुष्ट है। एरिक गासेर्टी का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब हाल ही में रूस के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाए कि अमेरिका बिना किसी विश्वसनीय सबूत के भारत पर आरोप लगा रहे हैं। रूस ने ये भी कहा कि अमेरिका एक राज्य के रूप में भारत का अनादर कर रहा है। रूस के बयान के बाद ही अमेरिका के राजदूत का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने भारत की जांच से संतुष्ट होने की बात कही।

अमेरिका में थिंक टैंक 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए एरिक गासेर्टी ने कहा कि 'जब मैं रिश्तों में उतार-चढ़ाव की बात करता हूं तो ये हमारे रिश्तों की पहली बड़ी लड़ाई है। मुझे कहना पड़ेगा कि अभी तक हमने जो मांग की थी, उसमें भारत की जवाबदेही से बाइडन सरकार संतुष्ट है।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिकी धरती पर किसी अमेरिकी नागरिक को मारने की कोशिश यूएस के लिए रेड लाइन है।'

अमेरिकी विदेश विभाग ने टिप्पणी से किया इनकार : अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले की जांच के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने भी इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और जब तक आरोप साबित नहीं हो जाते, वे इस पर कुछ नहीं बोलेंगे।


### क्या है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। वह अक्सर भारत के खिलाफ आग उगलता रहता है। बीते दिनों अमेरिका ने दावा किया कि पन्नू को अमेरिका में मारने की साजिश रची जा रही थी, जिसका भंडाफोड़ हो गया है। इस मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया। अमेरिका ने दावा किया कि निखिल गुप्ता को भारत सरकार के एक अधिकारी ने पन्नू को मारने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए निखिल गुप्ता अमेरिका में किराए के हत्यारों से पन्नू को मारने की साजिश रच रहा था। हालांकि अमेरिका के दस्तावेजों में भारत सरकार के अधिकारी के नाम का खुलासा नहीं किया गया।

# जिनटैक से कैंसर होने के 10 हजार दावों पर फाइजर समझौते को राजी

## एसिडिटी-गैस के लिए इस्तेमाल हो रही थी दवा, भारत में बेचने पर प्रतिबंध नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी दवा निमार्ता कंपनी फाइजर जिनटैक (रेनिटिडिन) से कैंसर और अल्सर होने के 10 हजार से ज्यादा दावों पर समझौते को राजी हो गई है। हालांकि, समझौते की शर्तों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि यह समझौता पूरे अमेरिका में दायर मुकदमों को निपटाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि, इसके वित्तीय विवरण कंपनी ने उपलब्ध नहीं कराए हैं। इस मामले में अमेरिका में फाइजर के अलावा जीएसके, सनोफी और बोहरिंगर इंगेलहेम के खिलाफ संघीय और राज्य अदालतों में 70 हजार मुकदमे दायर हैं।



एसिडिटी, सीने में जलन और गैस के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली इस दवा से कैंसर और अल्सर होने की जानकारी 2019 में सामने आई। जिन्टैक में इस्तेमाल होने वाले रेनिटिडिन को 1977 में एलन एंड हनबरी लैब में बनाया गया। 1983 में ग्लैक्सो स्मिथ क्लाइन (जीएसके) ने इसे जेनटैक के तौर पर बाजार में उतारा। 1997 में रेनिटिडिन पर जीएसके का पेटेंट खत्म हो गया। इस बीच फाइजर और सनोफी जैसी कंपनियों ने भी इसका उत्पादन किया। 2019 में जीएसके के पूर्व कर्मचारियों सहित कुछ स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने दावा किया कि रेनिटिडिन में कैंसर कारक एन-नाइट्रोसोडिमिथाइलमाइन (एनडीएमए) की भारी मात्रा पाई जाती है। इसके बाद 2020 में अमेरिकी नियामक संघीय दवा प्रशासक (एफडीए) ने दवा के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे बाजार से बाहर कर दिया।

जीएसके ने दुनियाभर के बाजारों से जिन्टैक ब्रांड नाम से बेची जाने वाली इस दवा को हटा दिया है। हालांकि, भारत में इस दवा की बिक्री पर अब भी कोई प्रतिबंध नहीं है। भारत में रेनिटिडिन का इस्तेमाल कर बनने वाली सैकड़ों जेनरिक दवाएं बेची जा रही हैं।

## तीस्ता जल परियोजना

# बांग्लादेश की हरसंभव मदद करेगा भारत

**ढाका।** भारत ने बांग्लादेश को इसकी महत्वाकांक्षी तीस्ता जल परियोजना में मदद का प्रस्ताव दिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना और से मुलाकात के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बांग्लादेश तीस्ता नदी पर एक जलाशय का निर्माण कर रहा है। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है। इसी वजह से बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन इस परियोजना का समर्थन कर रहा है।



हसीना के बाद क्वात्रा ने महमूद से भी मुलाकात की। इसकी जानकारी देते हुए महमूद ने बताया कि क्वात्रा ने तीस्ता से जुड़ी परियोजना के लिए भारत की तरफ से वित्त-पोषण का प्रस्ताव रखा है। परियोजना बांग्लादेश की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी। हालांकि, भारत की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, क्वात्रा ने शेख हसीना को दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया है। हसीना हाल ही में चौथी बार बांग्लादेश की सत्ता में आई हैं। नए कार्यकाल में वे अभी तक किसी विदेश दौरे पर नहीं गई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही वे पहले विदेश दौरे पर भारत आएंगी।

### सुरक्षा, व्यापार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

इस दौरे के संबंध में विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश हमारा एक अग्रणी विकास भागीदार है।

# 'भारतवंशी होने के कारण विवेक रामास्वामी को वोट नहीं'

## लेखिका कूल्टर ने उनके सामने दी दो टूक राय

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमिरिकी रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी को अमेरिकी लेखिका एन कूल्टर ने कुछ ऐसा कह दिया कि उन्हें अजीब सी स्थिति का सामना करना पड़ा। दरअसल रिपब्लिकन नेता के ही पॉडकास्ट प्रोग्राम में लेखिका एन कूल्टर ने कहा कि रामास्वामी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होते तो वह उन्हें वोट नहीं देती। ऐसा इसलिए क्योंकि रामास्वामी एक भारतीय हैं।



रिपब्लिकन नेता रामास्वामी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि वह कूल्टर का सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने हिम्मत से अपनी बात कही। उन्होंने आगे लिखा ह्यएन कूल्टर ने मेरे मुंह पर साफ-साफ कहा कि वह मुझे वोट नहीं दे सकतीं क्योंकि मैं एक भारतीय हूं। मैं उनसे असहमत हूं लेकिन उनका उनका सम्मान करता हूं क्योंकि उनमें अपनी बात रखने की हिम्मत है ह्न रामास्वामी ने बताया कि पॉडकास्ट की शुरूआत से ही कूल्टर ने उन पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। हालांकि, दोनों के बीच शानदार बहस हुई और इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को चुनौती दी।

# 'भारत के चुनावों में वॉशिंगटन का दखल नहीं'

## अमेरिका ने रूस के लगाए सभी आरोपों को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार का भारत के चुनावों में वॉशिंगटन के दखल के रूस के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह दुनिया में कहीं भी चुनाव में शामिल नहीं होता है। विदेश विभाग ने कहा कि चुनाव भारत के लोगों को करने हैं।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्य मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हम भारत के चुनावों में खुद को शामिल नहीं करते हैं, क्योंकि हम दुनिया में कहीं भी चुनावों में खुद को शामिल नहीं करते हैं। ये फैसले भारत के लोगों को करने हैं।

दरअसल, रूस ने लोकसभा चुनावों के बीच बड़ा दावा करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के चुनावों में दखल देने की कोशिश कर रहा है और उसका मकसद आम चुनाव के दौरान देश को अस्थिर करना है।



रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा था कि अमेरिका भारत के रानजीतिक परिदृश्य को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। वह भारत की राजनीतिक समझ और इतिहास को नहीं समझता। जखारोवा ने यह बयान भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अमेरिका की रिपोर्ट के संदर्भ में दिया था।

उन्होंने कहा था कि अमेरिका लगातार भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर निराधार आरोप लगाता रहा है। इसका मकसद भारत के अंदरूनी राजनीतिक परिदृश्य को बाधित करना और आम चुनावों में रुकावटें पैदा करना है। जखारोवा ने कहा कि अमेरिका की गतिविधियां स्पष्ट रूप से भारत के आंतरिक मामलों में दखल को दिखाती हैं।

जखारोवा ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के भारत पर आरोप को लेकर कहा था कि अमेरिका ने इस मामले में अभी तक भारतीय नागरिकों की संलिप्तता के कोई विश्वसनीय सबूत पेश नहीं किए हैं। सबूतों के बिना इस तरह की अटकलें स्वीकार नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा, अमेरिका भारत के खिलाफ लगातार झूठे आरोप लगा रहा है। उसे भारत की समझ नहीं है। इस वजह से वह लगातार धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में भारत पर निराधार आरोप लगाता रहा है।

# राष्ट्रपति जेलेंस्की ने स्टेट गार्ड के प्रमुख को किया बर्खास्त

## हत्या की साजिश रचने का लगा आरोप

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्टेट गार्ड के प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। दरअसल, उनपर जेलेंस्की की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। जेलेंस्की ने गुरुवार को पूर्व स्टेट गार्ड के लीडर शेरही रड को बर्खास्त किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने बताया कि यह निर्णय तब लिया गया, जब इस सप्ताह के शुरूआत में जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। हालांकि, रड के उत्तराधिकारी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

एसबीयू के अनुसार, स्टेट गार्ड के कर्नल के पद पर तैनात दो सदस्यों ने पहले जेलेंस्की का अपहरण करने और बाद में उनकी हत्या की साजिश रची। अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों में एसबीयू के प्रमुख वेसिल मेलियुक और सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रमुख किरिलो



बुदानोव को भी निशाना बनाया जाना था। मीडिया के अनुसार, दो यूक्रेनी अधिकारियों को हत्या की साजिश रचने के आरोप में पकड़ लिया गया है।

यूक्रेनी सरकार के दो कर्नलों पर वित्तीय मुआवजे के बदले यूक्रेन के खिलाफ गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। दोनों पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। उनमें से एक के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप है। संदिग्धों में से एक को रूस की राज्य सुरक्षा सेवा (एफएसबी) की तरफ से दो ड्रोन और गोला-बारूद दिए गए थे, जिसे उन्हें अपने अन्य साथी को देना था।

### रूस ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

एसबीयू ने आरोप लगाया कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया है। हालांकि, इस पर रूस ने आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रया नहीं दी है। दरअसल, एसबीयू ने आरोप लगाया कि दो अंगरक्षकों ने एफएसबी के साथ संवेदनशील जानकारी साझा की थी। हाल के दिनों में रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में जेलेंस्की प्रशासन को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस युद्ध के कारण प्रगति रुक गई है, जिसके कारण कई अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामलों का सामना करना पड़ रहा है।

## अमेरिका के हथियार रोकने की धमकी पर बोले नेतन्याहू

# 'अगर जरूरत पड़ी तो अकेले खड़ा रहेगा इस्राइल'

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में बीते सात महीने से ज्यादा समय से भीषण जंग जारी है। इस बीच, इस्राइली सेना ने कहा है कि उसके पास गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में अपने हमलों को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी हथियार हैं।

इस्राइली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सवाल किया गया कि क्या सेना अमेरिकी हथियारों के बिना अभियान चला सकती है। इस पर हगारी ने कहा, सेना के पास उन अभियानों के लिए सभी हथियार हैं, जिनकी वह योजना बना रहा है। रफाह में अभियान के लिए भी हमारे पास वह सभी हथियार हैं, जो हमें चाहिए।



हगारी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस पर बयान पर भी बात की, जिसमें उन्होंने कहा कि वह उन आक्रामक हथियारों की आपूर्ति नहीं करेंगे जिनका इस्तेमाल इस्राइल गाजा में हमास के अंतिम गढ़ रफाह पर चौतरफा हमला करने के लिए कर सकता है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका के साथ करीबी संबंध बने हुए हैं। असहमतियों को बंद दरवाजों के पीछे से हल किया जाना चाहिए। गाजा के तट पर अमेरिका के द्वारा अस्थायी समुद्री घाट का अब तक निर्माण नहीं किया गया है।

लेकिन एक प्राथमिक चिकित्सा जहाज उस प्रस्तावित घाट के लिए तड़के रवाना हुआ। यह भी स्पष्ट नहीं है कि गलियारा कब बनेगा और कब चालू होगा।

# ईरान ने जब्त इस्राइली जहाज से रिहा किए पांच भारतीय नाविक

**तेहरान।** भारत को एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी मिली है। दरअसल ईरान ने बीते दिनों इस्राइल से संबंधित जो जहाज जब्त किया था, उसके क्रू के सदस्यों में शामिल पांच भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया है। पांचों भारतीय नाविक ईरान से आज शाम को रवाना भी हो जाएंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रिहा किए गए भारतीय नाविकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और साथ ही ईरान की सरकार को नाविकों की रिहाई के लिए धन्यवाद भी दिया।




### ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त किया था इस्राइली जहाज

ईरान ने बीती 13 अप्रैल को इस्राइल से संबंधित एक कार्गो जहाज को जब्त किया था। उस जहाज के क्रू में 17 भारतीय नागरिक शामिल थे। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक इस्राइल से संबंधित जहाज एमएससी एरीज को जब्त किया। यह जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से दुबई की तरफ जा रहा था। ईरान का आरोप था कि जहाज उनके इलाके से बिना इजाजत गुजर रहा था। जहाज पर सवार भारतीय दल में केरल की एक महिला नाविक एन टेसा जोसेफ भी थी, जिसे ईरान की सरकार ने पहले ही रिहा कर दिया था और वह 18 अप्रैल को भारत पहुंच गई थी। ईरान ने जब जहाज को जब्त किया, तब उस पर क्रू के 25 सदस्य सवार थे, जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी भी शामिल थे। यह जहाज इस्राइली कारोबारी का है, लेकिन पुर्तगाल द्वारा इसका संचालन किया जा रहा था। अभी भी 11 भारतीय नाविक ईरान में ही हैं।

**ईरान-इस्राइल में बीते दिनों बढ़ा था तनाव :** ईरान, इस्राइल-हमास युद्ध में हमास का समर्थन कर रहा है। यही वजह है कि लाल सागर में ईरान के समर्थन से हूती विद्रोही अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लगातार हमले कर रहे हैं। बीते दिनों इस्राइल पर आरोप लगे कि उसने सीरिया में ईरान के दूतावास को निशाना बनाया, जिसमें ईरानी सेना के दो शीर्ष कमांडर मारे गए थे।

इस हमले का आरोप ईरान ने इस्राइल पर लगाया और बदला लेने की धमकी दी थी। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इस्राइल पर मिसाइलों और ड्रोन्स की मदद से बड़ा हमला किया, लेकिन इस हमले में इस्राइल को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

# 1700 करोड़ के मुकदमे में बढ़ सकती है गूगल की मुसीबत

## विज्ञापन कारोबार में एकाधिकार दुरुपयोग पर सुनवाई शुरू

**लंदन।** विज्ञापन कारोबार में एकाधिकार के दुरुपयोग को लेकर 1,700 करोड़ डॉलर के दावे वाले मुकदमे में गूगल की मुसीबत बढ़ सकती है। इस मामले में ब्रिटिश प्रतिस्पर्धा नियामक ने सुनवाई शुरू कर दी है।

गूगल स्वामित्व वाली कंपनी अल्फाबेट ने लंदन के एक न्यायाधिकरण से उसके खिलाफ बड़े पैमाने पर मुकदमे रोकने का आग्रह किया है। उसने यह अपील गूगल की व्यावसायिक प्रथाओं पर सवालिया निशान खड़ा करते मुकदमे को प्रमाणित किए जाने की सुनवाई के दौरान की है। इस केस में ब्रिटिश समाचार वेबसाइटों और ऐप्स ने गूगल से 1,700 करोड़ डॉलर हजार्ना मांगा है। केस करने वाली संस्था के वकील रॉबर्ट ओ डोनॉग्यू ने कहा, गूगल के प्रतिस्पर्धा-विरोधी बर्ताव से उन्हें भारी




नुकसान हुआ है।

**गूगल के वकीलों ने कहा, यह मामला पूरी तरह असंगत है :** दूसरी तरफ, गूगल के वकीलों ने कहा कि यह मामला असंगत है। इसे सुना ही नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इसमें यह नहीं बताया गया है कि प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण ने प्रकाशकों को कैसे नुकसान पहुंचा है। डोनोग्यू ने बताया कि यह गूगल के खिलाफ एकाधिकार के दुरुपयोग के मुकदमों की श्रृंखला एक नया मामला है। यह मुकदमा ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा व बाजार प्राधिकरण और यूरोपीय आयोग की तरफ से गूगल के एडटेक व्यवसाय की नियामकीय जांचों के बीच आया है।

**अमेरिका, यूरोप में भी ऐसे ही मामले :** डोनोग्यू ने बताया कि यूरोपीय आयोग की तरफ से गूगल पर उसकी ऑनलाइन शॉपिंग खोज सेवा और एंड्रॉइड मोबाइल उपकरणों पर गूगल खोज तथा क्रोम ब्राउजर को पहले से इंस्टॉल करने की अनिवार्यता को लेकर पहले ही 200 करोड़ यूरो का जुमार्ना लगाया जा चुका है। इसके अलावा इसी तरह के मामले में अमेरिका में भी गूगल के खिलाफ जांच व मुकदमे चल रहे हैं।

**अब तक किसी कोर्ट में आरोप साबित नहीं हुए :** वहीं, एड टेक कलेक्टिव एक्शन का दावा है कि गूगल के खिलाफ उनके प्रस्तावित मुकदमे को कैट में जल्द ही मंजूरी मिलेगी, क्योंकि इस साल ही फेसबुक का स्वामित्व रखने वाली मेटा के खिलाफ 380 करोड़ डॉलर और एपल के खिलाफ 100 करोड़ डॉलर के दावे को कैट प्रमाणित कर चुका है। इन मामलों की प्रकृति भी ऐसी ही थी। वहीं, गूगल का इस संबंध में कहना है कि उसके खिलाफ लगाए गए।

# यूक्रेन के ड्रोन ने 1500 किमी की दूरी से रूसी तेल संयंत्र को बनाया निशाना, दो तेल डिपो पर भी हमला

**कीव।** यूक्रेनी ड्रोन ने गुरुवार को रूस के बश्किरिया क्षेत्र में एक प्रमुख तेल प्रसंस्करण संयंत्र पर करीब 1,500 किलोमीटर की दूरी से हमला किया। युद्ध की शुरूआत के बाद से यह सबसे लंबी दूरी का हमाल है। यूक्रेन ने दक्षिणी रूस में दो तेल डिपो को भी निशाना बनाया। वह महत्वपूर्ण उर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला करके अग्रिम पंक्ति के रूसी बलों को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। कीव के एक खुफिया सूत्र ने यह जानकारी दी।




रूस की आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने कहा, ड्रोन हमले में रूस के सबसे बड़े तेल संयंत्र, पेट्रोकेमिकल और उर्वरक परिसर में एक पंपिंग स्टेशन की इमारत क्षतिग्रस्त हुई। क्षेत्र के गवर्नर ने कहा, हमले के बावजूद संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है कि ड्रोन कहां से लॉन्च किया गया था और यह किस तरह का उपकरण था। यूक्रेन का नजदीकी सरकारी हिस्सा करीब 1,400 किलोमीटर दूर है।

कीव के सूत्र ने कहा कि ड्रोन ने 1,500 किलोमीटर की उड़ान भरी और रूस के सैन्य परिसर में लगाई गई रिफाइनरियां और तेल डिपो को निशाना बनाया गया।

वहीं, मॉस्को का कहना है कि इस तरह के हमले आतंकवाद का कृत्या है। उसने मार्च के मध्य से यूक्रेन के उर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाली बदले की कार्रवाई की है।

नाटो के एक अधिकारी ने अप्रैल के शुरूआत में कहा था कि कीव ने साल की शुरूआत से ही रूस में तेल प्रसंस्करण सुविधाओं पर अपने ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है, जिससे रूस की तेल शोधन क्षमता का 15 फीसदी बाधित हो रहा है।

यूक्रेनी सूत्र ने कहा कि कीव के ड्रोन ने रूस के दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में अनापा शहर के पास दो तेल डिपो पर भी हमला किया। जिससे रात में बड़े पैमाने पर आग लग गई। सूत्र ने कहा कि दोनों हमले यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) द्वारा किए गए थे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



गाजियाबाद (करंट क्राइम) । केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह ने अपना जन्मदिन अपने आवास पर मनाया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा गणमान्य नागरिकों ने उन्हें तहेदिल से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं एवं उनके दीर्घ आयु होने की कामना की।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा जनरली साहब का बर्थडे बना बहुत ही शानदार? सुना है इस जन्मदिन में आने के लिए दो भगवा कमिश्नर कर रहे थे इन्वीटेशन का इंतजार? सुना है पूरी महिमा से गुप्ता जी कह रहे थे मैं जरूर जाता साहब के बर्थडेर पर मगर निमंत्रण ही नहीं आया मेरे पास? कुछ इसी तरह के थे हर किसी से मीत दिखाने वाले के हालात? सुना है वो भी करते रहे इन्वीटेशन का इंतजार मगर वो नहीं पहुंचा उनके पास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के बर्थडे में पूरी शिद्दत से निभा रहे थे कुल में दीप जलाने वाले चेहरे अपना किरदार? तभी हो गये उनके मौके पर भगवा बाऊजी से उनके नैन चार? भगवा बाऊजी ने अपने पोते का परिचय कराते हुए कहा, चौहान साहब आपको रखना है इनका ख्याल? आपसे है पोते का परिचय पहली बार? जब बाऊजी करा रहे थे मिस्टर चौहान से ये मुलाकात? तब एहसास हुआ कि जलवा अभी भी है मिस्टर चौहान का जलाल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के बर्थडे पर गोयल साहब लेकर आये थे अपने मन की बात? मगर भीड़ ने साहब को घेरा हुआ था, भीड़ के सामने गोयल साहब नहीं निकालना चाह रहे थे अपने दिल के जज्बात? काफी देर उन्होंने किया साहब के फ्री होने का इंतजार? मगर जब देखा भीड़ थम नहीं रही है फिर वो वापस चले गये अपने घर-बार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था जनरली साहब के बर्थडे पर मौजूद? मुझे जितना दिखाई देना चाहिए था उतना दिखाई नहीं दिया पूरे गौरव से किसी पंजाबी चेहरे का वजूद? मैंने देखा वो चंद पल रूके प्रोग्राम में फिर नहीं दिखे उनके दीदार? या तो उन्हें सचमुच कहीं जाने की जल्दी थी या फिर कुछ और ही मामला हो रहा था उनके खोपड़े में सवार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं इस बात पर खींचना चाहता हूं आपका ध्यान? मैं था जनरली साहब के बर्थडे में मौजूद? यहां पर पूर्व नामित वाले त्यागी जी ने कर दिया बड़ा ऐलान? कह दिया मैं था, हूं और रहूंगा जनरली साहब के साथ? मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पडता कोई कितना भी बुरा माने साहब? साहब ने गाजियाबाद के लिए काम किये हैं अनेक? सच बताऊं मेरी नजरों में वो आदमी हैं बहुत ही नेक?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें इस बात का था एहसास? कि जनरली साहब के बर्थडे में आयेंगे किसान वाले भारद्वाज? हमें पता है कुल में दीप जलाने वालों ने भेजा था उन्हें निमंत्रण? फिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने स्वीकार नहीं किया आमंत्रण? कहने वाले ने कहा हो सकता है मन में कुछ रही हो उनके बात? वो भी चाहते हों कि उनको फोन करके बुलाया जाये, व्हाट्सेप वाले मैसेज से नहीं बनेगी बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि फिर हमने किसान वाले भारद्वाज के लोकेशन को टटोला यार? हमने देखा वो भगवा कमिश्नर गुप्ता जी का बर्थडे सैलीब्रेट कर रहे थे जोरदार? जिस वक्त राजनगर में सैलीब्रेट हो रहा था जनरली साहब का बर्थडे? उसी वक्त वो चौहान साहब के प्रिय पार्क में पूरी शिद्दत से थे मौजूद? केक काटते हुए हैप्पी बर्थडे टू यू की आवाज पेश कर रही थी इस बात का सबूत?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चला है युवा वाले डेढ़ा भी खाना चाहते थे जनरली साहब के जन्मदिन का पेड़ा? हमने देखा उन्होंने अपने जज्बात को किसी से था छेड़ा? कहा था कि मेरा मामला है तटस्थ? मैं रहना चाहता हूं हर जगह प्रत्यक्ष? अगर मुझे निमंत्रण मिलता तो मैं जरूर देता साहब के बर्थडे में अपने दीदार? अब जब मुझे सूचना हीं नहीं थी तो आप ही बताओ मैं कैसे स्टेयरिंग घुमाता राजनगर की ओर यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा गोविन्द जी वाले एरिया के कमिश्नर रंजन भैया के जबरदस्त दिख रहे थे जनरली साहब के बर्थडे पर भाव? वो बहुत ज्यादा दिखा रहे थे साहब से लेकर दीदी तक लगाव? ले रहे थे वो लगातार आशीर्वाद? करा रहे थे वो अपनेपन का एहसास? उनकी तस्वीरों को देखकर बाकी वो भगवा कमिश्नर भी होंगे हैरान? जिन्होंने सोच समझकर बनाया जनरल साहब के बर्थडे में नहीं नाम का प्रोग्राम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बात को हमारी बस इतना ही छापना? हम विपक्ष के खेमे में बैठे थे वहां से हमने जो सुने है शब्द उन्हें उतना ही नापना? कहने वाले ने कहा कि दूसरे खेमे में चल रही थी चर्चाएं? काश साहब ने इतने घंटे चुनाव में गर्ग साहब के लिए भी होते बिताये? हमे पता है उन पर है चुनावी गतिविधियों का बहुत ज्यादा प्रेशर? मगर वो तो लोकसभा के पुराने चेहरे हैं? गर्ग साहब हैं उनके सामने इस मामले में फ्रैशर? दे देते वो इतना टाईम गर्ग साहब के लिए तो कम हो जाता उनका भी काफी प्रेशर?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव प्रचार के साथ- साथ धार्मिक आस्था श्रद्धा भक्ति भी होनी चाहिए। महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, महामंत्री सुशील गौतम इन दिनों चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। ये सभी देवाधिदेव महादेव शिव पूजन के लिए गए। धर्म संस्कृति और परंपरा का संदेश दिया।